**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# शराब ठेका हटाने को लेकर हंगामा

## पुलिस व आबकारी निरीक्षक पहुंचे, शराब दुकरान गांव से हटा कर दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन

संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज


शराब ठेके के बाहर हंगामा करती गांव की महिलायें। अमृत विचार


गांव की महिलाओं को समझाते आबकारी निरीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के उग्गापुरवा गांव में शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर स्थानीय महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दर्जनों की संख्या में एकत्रित महिलाओं ने ठेके के सामने धरना देते हुए शराब ठेका को बंद करा दिया। वह पूरे दिन ठेके के सामने धरने पर बैठी रहीं। जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करती रहीं।

उग्गापुरवा गांव के चंद कदमों की दूरी पर देशी शराब की दुकान वर्षों से चल रही है। इससे महिलाओं को दिक्कत हो रही है। शराब के नशे में लोग गाली गलौज करते थे। इससे उनका निकलना मुश्किल हो रहा है। इसी के चलते मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब गांव से दो दर्जन से अधिक महिलाएं सरकारी शराब की दुकान पर पहुंच गईं। उन्होंने हंगामा करते हुए शराब ठेका बंद करा दिया। महिलाओं का कहना था कि शराब की दुकान दूसरी जगह शिफ्ट हो। गांव के पास शराब की दुकान होने के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का आरोप है कि शराब ठेका खुलने से गांव क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। आए दिन नशे में धुत लोग गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। निकट में स्कूल भी है जिससे बच्चों पर भी इसका असर पड रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरने पर बैठी महिलाओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द शराब ठेका हटाने की मांग की। सूचना मिलते ही मानीमऊ चौकी पुलिस के अलावा आबकारी निरीक्षक भी मौके पर पहुंच कर महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया की एक सप्ताह में उग्गापुरवा गांव में शराब की दुकान दूसरी जगह शिफ्ट करा दी जायेगी। इस आश्वासन के बाद महिलाओं ने अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया। महिलाओं ने विभागीय अधिकारी को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पुलिस ने महिलाओं की मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है।

# रेप कांड में आरोपी की सहयोगी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- कोर्ट में तारीख पर नहीं हो रही थीं हाजिर
- न्यायालय ने भेजा जेल, 02 अप्रैल को होगी सुनवाई

**अमृत विचार।** नाबालिग से रेप कांड में आरोपी का सहयोग करने वाली पूजा तोमर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ा।

मामला शहर के चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय का है। 11 अगस्त 2024 की रात कन्नौज पुलिस ने पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव को गिरफ्तार किया था। जो तब से जेल में बंद है। आरोपी का सहयोग करने के मामले में आरोपी पूजा तोमर को भी गिरफ्तार किया गया था। लेकिन करीब चार महीने बाद उनको पॉक्सो कोर्ट से जमानत मिल गई थी। जमानत मिलने के बाद वह कोर्ट में तारीख पर नहीं गई। इसके चलते पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। वारंट के आधार पर पुलिस ने 27 मार्च को पूजा तोमर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जिला जेल अनौगी भेज दिया गया। सोमवार को पूजा तोमर के अधिवक्ता अभिषेक दुबे ने जमानत याचिका दाखिल की। कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए 02 अप्रैल की तारीख तय की है। अधिवक्ता ने बताया कि पूजा तोमर अस्वस्थ थीं और उत्तराखंड में इलाज करा रही थीं। जिस कारण वह कोर्ट में पेश नहीं हो सकी। जमानत अर्जी के साथ इलाज से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए हैं। अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गेहूं की फसल में लगी आग चार बीघा फसल नष्ट

**सौरिख।** हाई टेंशन लाइन की मरम्मत के दौरान कटर से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। इससे चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सकरावा थाना क्षेत्र के दौलताबाद गांव के पास से निकली हाई टेंशन लाइन जो कि मैनपुरी से गारा इलाहाबाद के लिए तैयार की गई है। लाइन पूरी तरह बनकर चालू कर दी गई। ठेकेदार द्वारा पोल के नीचे हिस्से में बोल्ट को कटर से कटकर वेल्डिंग की जा रही थी। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कटर से निकली चिंगारी ने खेत में खड़ी सर्वेश गुप्ता पुत्र दयाराम गुप्ता की फसल को अपने चपेट में ले लिया। आग का विकराल रूप देखकर ठेकेदार एवं उसके कर्मचारी वहां से भाग गए। खेतों में धुआं उठता देख गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पेड़ की पत्तेदार टहनियों से से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक चार बीघा की फसल जलकर राख हो गई।

### महानिदेशक की चिट्ठी में कन्नौज समेत 10 जिले बॉटम में शामिल

**कन्नौज।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कन्नौज समेत लखनऊ, मथुरा, सोनभद्र, श्रावस्ती, मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड, आगरा एवं अयोध्या के डीआईओएस, बीएसए व बीईओ को पत्र भेजा है। कहा है कि यू-डायस 2025-26 के तहत स्कूल, शिक्षक एवं छात्र प्रोफाइल को 17 मार्च तक जनपद स्तर से डाटा लॉक कर प्रमाण पत्र अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन जनपद का शत-प्रतिशत डाटा प्रमाणित नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेदजनक है।, जिससे कन्नौज समेत 10 जिले बाटॅम-10 में हैं। तीनों प्रोफाइल को 31 मार्च तक समस्त विद्यालयों का शत-प्रतिशत सर्टिफिकेशन करा लिया जाए।

# महिला की हत्या कर लूट के आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दिन दहाडे महिला की घर के अंदर कर दी थी हत्या
- दोनों आरोपी को कोतवाली पुलिस भेज चुकी जेल
- एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड के बाद किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार।** शहर के कुतलूपुर में दिन दहाड़े महिला की हत्या कर नकदी जेवरात लूट करने वाले दो अपराधियों पर डीएम, एसपी की संस्तुति पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। दोनों अपराधी अभी जेल में हैं।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार की संस्तुति पर शातिर आरोपी गैंग लीडर सूरज कश्यप पुत्र रामू कश्यप निवासी मल्हापुर संगम सिटी निकट इरम डिग्री कालेज ठाकुरगंज लखनऊ व सदस्य पंकज चौहान उर्फ जसवंत पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम नथई डीह प्रेम नगर तुलसीपुर जनपद वलरामपुर के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार उक्त शातिर बदमाशों ने 22 सितंबर 2025 को सुनीता श्रीवास्तव व उनकी पुत्री कोमल को बांधकर डाल दिया था। मुंह में कपडा ठूस कर सुनीता की हत्या करदी थी। इस के बाद घर में रखी नकदी व जेबरात लूट ले गये थे।

यह दोनों मकान में टायल लगाने का काम करते थे। घर में इनको पूरी जानकारी हो गई थी। इसीके बाद घटना को अंजाम दिया था। मामले में मृतका की पुत्री ने सदर कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ हजारों रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने पहले सूरज कश्यप को पुलिस मुठभेड के दौरान पैर में गोली मारने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से लूटी घड़ी, लाखों रुपये की नकदी व जेवरात बरामद किये गये थे। पुलिस ने जसवंत को गिरफ्तार किया। मृतका की पुत्री दिया श्रीवास्तव ने कोतवाली प्रभारी को बताया कि 23 मार्च को कोर्ट में जमानत संबंधी सुनवाई के दौरान इन आरोपियों ने उसे धमकी दी थी। पिता की मौत के बाद वह अकेली है। बहन आंशिक रुप से बीमार है। मां की उक्त आरोपियों ने हत्या कर दी थी। वह बैंक में नौकरी करती है। इसलिये बाहर आना जाना रहता है। इन आरोपियों से जानमाल का खतरा है। इसी आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

# परीक्षाओं के रखे अभिलेख हटेंगे

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कोषागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि करीब एक दशक पूर्व आयोजित लेखपाल एवं अन्य परीक्षाओं से संबंधित अभिलेख जो अभी तक सुरक्षित रखे हैं, उन्हें निष्पादित कर हटाए जाए।

साथ ही डबल लॉक में रखे 5000 मूल्य वर्ग के स्टांपों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि ट्रेजरी जैसी महत्वपूर्ण संस्था में जनसामान्य का गहरा विश्वास निहित है, अतः इस विश्वास की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ की जानी चाहिए। निरीक्षण में दीवारों पर दिखी नमी को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मरम्मत कराए जाने तथा पूरे ट्रेजरी परिसर की रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। ट्रेजरी की सुरक्षा, अभिलेखों की व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

# डीएम ने की गौसेवा, चोटिल बछिया को मिला तुरंत उपचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जलालाबाद विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मतौली सचिवालय का किया निरीक्षण
- डिजिटल लाइब्रेरी व गो-आश्रय स्थल अनौगी का भी हाल देखा दिए जरूरी निर्देश


अनौगी गांव की गौशाला में गाय को केला खिलाते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

**अमृत विचार।** विकास खंड जलालाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मतौली के सचिवालय भवन का डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां संचालित डिजिटल लाइब्रेरी तथा गौ आश्रय स्थल अनौगी का हाल देखा। यहां चोटिल बछिया मिलने पर इलाज कराया। साथ ही उन्होंने गोसेवा भी की।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान कहा कि लाइब्रेरी में बच्चों, युवाओं एवं धार्मिक विषयों की उपयोगी पुस्तकें पर्याप्त उपलब्ध हैं। आवश्यकतानुसार नई पुस्तकों की व्यवस्था भी की जाए। डीएम ने कहा कि ऐसे इंतजाम किए जाएं कि पाठक अपनी आवश्यकता की पुस्तक पढ़ने के लिए सहजता से प्राप्त कर सकें।

साथ ही स्थानीय प्रबुद्धजनों की समिति गठित कर लाइब्रेरी संचालन में सहयोग लेने को भी कहा। डीएम ने कहा कि यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए ज्ञानवर्धन का सशक्त केंद्र है, इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। गौ आश्रय स्थल अनौगी में जिलाधिकारी ने गोवंश को गुड़, चना व केला खिलाया। आश्रय स्थल में 195 गोवंश संरक्षित पाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंश के लिए छायादार पौधों का रोपण, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा केयरटेकरों की रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाए। एक बछिया के पैर में चोट पाए जाने पर सीवीओ डॉ. सरदूल सिंह को तत्काल उपचार, कैल्शियम व आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्ध कराने व 3-4 दिनों में सुधार लाने के निर्देश दिए। आश्रय स्थल की बाउंड्री के आसपास शहतूत, बोगनवेलिया आदि पौधरोपण पर भी विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, डीपीएम शलभ त्रिपाठी व एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

# गेंहू खरीद के लिये क्रय केंद्र खुले पर नहीं हुई बोहनी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में गेंहू की सरकारी खरीद करने के लिये 41 केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर किसानों का गेंहू खरीदा जायेगा। इसके लिये किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके बाद किसान किसी भी क्रय केंद्र पर पहुंच कर अपने गेंहू को बेंच सकेंगे। सबसे खास बात यह है कि इस वित्तीय वर्ष में सरकार ने किसानों का गेंहू खरीदने के लिये गेहूं का समर्थन मूल्य कॉमन श्रेणी हेतु 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने गेहूं क्रय की अवधि 30 मार्च 2026 से 15 जून 2026 तक रहेगी। उन्होंने बताया कि जनपद में किसानों की सुविधा के लिये प्रत्येक ब्लाक क्षेत्रों में केंद्र खोले गये हैं। इसमें कन्नौज में 03, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 12, हसेरन में 05, सौरिख में 07, छिबरामऊ में 07 तथा तालग्राम में 08 केन्द्र संचालित किए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद की प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाइल क्रय केन्द्र की भी व्यवस्था की गई है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों को विशेष सुविधा प्राप्त होगी। गेहूं विक्रय हेतु किसान पंजीकरण पोर्टल प्रारंभ हो चुका है, जिस पर अब तक 116 किसानों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुके है। किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी हेतु किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी, कन्नौज के मोबाइल नंबर 9956199399 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा पारदर्शी एवं सुगम खरीद व्यवस्था करने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।


सम्मान पाकर बच्चों के खिले चहरे। अमृत विचार

# शिक्षा से ही समाज की तरक्की सम्भव

संवाददाता छिबरामऊ

- प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**अमृत विचार।** नगर के प्राथमिक विद्यालय पश्चिमी में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अथिति माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व प्रवक्त ऋषि भूमि इण्टर कालेज अशोक कुमार सिंह राठौर ने कहा शिक्षा से ही समाज की तरक्की सम्भव है।

उन्होंने समस्त कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा अभिभावक बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें जिससे प्रदेश व भारत सरकार की योजनाओं का बच्चों को लाभ मिल सके। प्रधानाध्यापक कुलदीप यादव ने कहा बच्चों की बेहतर व्यवस्था के लिए साफ सफाई, पेयजल, बैठने के लिए हवादार कमरे एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु विद्यालय में मुख्य द्वार पर गेट लगा है और आने-जाने का सुगम रास्ता है। अभिभावकों से निवेदन करते हुए कहा कि अपने 0 6 वर्ष के बच्चों को विद्यालय में अवश्य प्रवेश दिलाए ।तथा 06 वर्ष कम बच्चों को अपने निकटतम आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रवेश दिलाए। इस अवसर पर सभासद नरेंद्र शर्मा, विजय कुमार, गौतम, रोहित, हिमांशु गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रवि शर्मा,रश्मि दुबे, सीमा यादव आदि उपस्थित रहे।

**खुले रहे दफ्तर** | बजट भेजने व समर्पण करने के साथ ही वर्ष 2025-26 के आंकड़ों को पूरा किया

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन दफ्तरों में 'जूझे' कर्मी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



विकास भवन स्थित अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में मौजूद बाबू व अधिकारी। सीडीओ कार्यालय में कार्य निपटाते स्टेनो बाबू।

- महावीर जयंती का अवकाश होने के बाद भी खुले रहे ज्यादातर सरकारी दफ्तर

**अमृत विचार।** महावीर जयंती का अवकाश होने के बाद भी 31 मार्च को ज्यादातर सरकारी दफ्तर खुले रहे। कारण इसी दिन वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त हो गया। विकास भवन, तहसील समेत कई कार्यालयों में युद्धस्तर पर काम चला। कुछ कर्मचारियों व अधिकारियों ने बताया कि दो- तीन दिन से नींद पूरी नहीं हो रही है। उसके बाद भी 'जूझ' रहे हैं।

अधिकतर योजनाएं ऐसी हैं कि उनको वित्तीय वर्ष समापन वाले दिन पूरा करना होता है। जो भी बजट आता है संबंधित खातों में भेजना पड़ता है या खर्च कर लिया जाता है। किसी कारणवश अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो बचा बजट वापस करना पड़ता है। उसके बाद नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में ही बजट आएगा। मंगलवार को विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय, समाज कल्याण कार्यालय, पीडी डीआरडीए, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एआर कोआपरेटिव, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी कार्यालय समेत कई सरकारी कार्यालयों में सामान्य दिनों की तरह विभागीय काम हुआ। कर्मचारी व अफसरों ने कागजी प्रक्रिया दुरुस्त की। अधिकारियों ने कर्मचारियों के सहयोग से प्रयास किया कि 31 मार्च तक का लेनदेन बराबर हो जाए। बताया गया है कि पीडी डीआरडीए राम औतार सिंह ने भी विधायक और सांसद निधि की समीक्षा की।

# शिक्षक का सेवानिवृत्त सम्मान समारोह संपन्न

**छिबरामऊ।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बिर्रा में शिक्षक श्री श्रीपाल वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामबख्श वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिगोविंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यराम ने की जबकि कुशल संचालन शैलेंद्र दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रीपाल वर्मा के शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रदीप प्रधान, अभिनीत राजपूत एवं रॉबिन द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य रूप से आशीष, मालिखान, रावेंद्र और सतेंद्र सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।


UPSIDA
UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
PURSUING GROWTH WITH DEVELOPMENT
YOGI ADITYANATH Hon'ble Chief Minister, U.P.
NAND GOPAL GUPTA 'NANDI' Minister for Industrial Development, U.P.
GOLDEN OPPORTUNITY
TO GET RESIDENTIAL PLOTS IN TRANSGANGA CITY, UNNAO
It's time to grab your DREAM RESIDENTIAL PROPERTY
MEGA E-Auction
SPECIAL FEATURES
- Proposed Over Bridge -Trans Ganga City to VIP Road, Ranighat, Kanpur (Four Lane) (Aprx. 4 Km.)
- Approved Atal Ghat to Jajmau Ganga River front Project

Registration Starts from 23.03.2026 | Last Date for Submission of Documents 16.04.2026 | E-Auction on 21.04.2026 (10:00 AM to 1:00 PM)
Last Date for Submission of Processing Fee & EMD by bidder : 15.04.2026 | 6:00 PM

TRANSGANGA CITY SECTOR - 3, 4 & 8

| S.No. | Area of Plots | No. of Plots |
|---|---|---|
| 1. | 120 sq.m - 200 sq.m | 275 |
| 2. | 200 sq.m - 250 sq.m | 107 |
| 3. | 251 sq.m - 320 sq.m | 196 |

CONNECTIVITY
Road: Lucknow-Kanpur Highway (NH-25) ~ Aprx. 11 Km. Lucknow-Agra Expressway ~ Aprx. 60-70 Km.
Rail: Kanpur Central Railway Station ~ Aprx. 10 Km.
Airport: Lucknow Airport (Amausi) ~ Aprx. 75 Km. Kanpur Airport (Chakeri) ~ Aprx. 25 Km.

Note : For Registration, Other Details & Download of Brochure please visit Auction Portal https://upsida.project247.in/

For Information Regarding the Registration & E-Auction Process
Helpline No. Apurva Patel : 9106196864
(Monday to Friday 10:00 AM to 7:00 PM and 1st & 3rd Saturday 10:00 AM to 6:00 PM)
Contact on Email : eauction@upsida.co.in, apurva@procure247.com

Uttar Pradesh State Industrial Development Authority
UPSIDA COMPLEX, A-1/4, LAKHANPUR, KANPUR-208024
@ UPSIDA @UPSIDAOfficial @UPSIDA_Official @UPSIDA_Official @upsidaofficial

## न्यूज ब्रीफ

### महादेवी घाट, कल्चरल स्टेज के लिए 4.23 करोड़ रुपये मिले

**कन्नौज।** पर्यटन स्थलों का विकास के तहत जनपद को 04 करोड़ 23 लाख रुपये मिल गए हैं। इस बजट से महादेवी (मेहंदीघाट) पर घाट व कल्चरल स्टेज आदि का निर्माण कार्य कराया जाएगा। कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम है। इसकी ओर से भेजे गए संशोधित आगणन 08 करोड़ 47 लाख 58 हजार रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इसके सापेक्ष पहली किस्त भी 04 करोड़ 23 लाख रुपये जारी कर दी गई है। पत्र में जिक्र है कि मुख्य अभियंता सिंचाई (बाढ़) कन्नौज की अध्यक्षता में तकनीकी समिति गठित होगी। उसकी देखरेख में निर्माण कार्य कराया जाएगा। धनराशि व्यय व आवंटन से पहले महानिदेशक पर्यटन कार्यालय की ओर से डीएम की संस्तुति जरूरी होगी। उप सचिव संजीव श्रीवास्तव ने इसका पत्र जारी किया है।

### मेला में खोई माही को पुलिस ने खोज कर परिवार को सौंपा

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के मधौनगर में मां आनंदी देवी मंदिर के मेले में निगोह खास निवासी 3 वर्षीय बच्ची माही खो गई थी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई कर बच्ची को सुरक्षित ढूंढ लिया और बच्ची की मां मधु और पिता सौरभ के सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम में एचसी शक्ति सिंह, पीआरडी सरोजनी और पीआरडी सतीश चंद्र शामिल थे। इस त्वरित सहायता से परिवार ने राहत की सांस ली।

### ट्रेन की चपेट से घायल युवक की कानपुर में मौत

**गुरसहायगंज।** युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में कानपुर भेजा गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी शिवम गुप्ता (36) पुत्र विनोद कुमार मंगलवार की सुबह लगभग 09 बजे पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसके दोनों पैर कट गए। घायल को नगर के सीएचसी में एम्बुलेंस की सहायता से भर्ती कराया गया। बाद में जिला अस्पताल और कानपुर रेफर किया गया था। घायल युवक की पत्नी अनुराधा ने बताया कि उसका पति ऑटो चला कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

### चिकित्सक को बुलाया फिर पीटा

**फर्रुखाबाद।** धोखाधड़ी कर दादी की बीमारी का बहाना बनाकर चिकित्सक को बुलाया और उसके साथ तीन लोगों ने जमकर मारपीट की। चिकित्सक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

डॉ .अरुन कुमार पाल पुत्र विनोद कुमार पाल, निवासी न्यू सैनिक कालोनी जेएनवी रोड फतेहगढ गत दिन पीड़ित के पास फोन आया और अपनी दादी का फिजियोथेरेपी कराने की बात कही गयी। पीड़ित ने अपनी क्लीनिक जेएनवी रोड डॉ. मंजू सक्सेना वाली गली में आने को कहा तो दादी की ज्यादा तबियत खराब होने की बात कहकर पीड़ित को आर डी लान गेस्ट हाउस के पास बुलाया ।जब पीड़ित आर डी लान गेस्ट हाउस के पास पहुँचा तो वहाँ पर कोई मरीज नही था तथा वहाँ पहले से मौजूद पवन पुत्र डब्बू दीक्षित, हर्ष सारस्वत पुत्र सुधांशु, हर्षित गुप्ता पुत्र आनंद ने एकराय होकर पीड़ित के साथ लात घूसों व थप्पडो से मारपीट की और गालीगलौज करते हुए चले गये जिससे पीड़ित को चोटें आयी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनोज मिश्रा का किया भव्य स्वागत

**अमृतपुर।** जनपद फर्रुखाबाद के कस्बा अमृतपुर स्थित शैलेश स्वास्थ्य प्रतिष्ठान पर आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मनोज मिश्रा को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर उनका सम्मान करना रहा ।इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने मनोज मिश्रा को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके प्रति अपनी खुशी जाहिर की। मनोज मिश्रा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करेंगे।

# अलमारी की फैक्ट्री में लूट मालिक, चालक पर हमला

## गंभीर हालत में फैक्ट्री मालिक को कानपुर रेफर कर दिया गया

संवाददाता सौरिख

- सोमवार की रात फैक्ट्री में घुसे थे बदमाश, पुलिस कर रही जांच
- लूटपाट के दौरान बदमाश ऑटो व डीसीएम छोड़कर भागे

**अमृत विचार।** अलमारी फैक्ट्री में लूट का विरोध करने पर मालिक को बदमाशों ने चाकू मार कर घायल कर दिया। फैक्ट्री में रात आधा दर्जन बदमाश घुसे थे। गंभीर हालत में फैक्ट्री मालिक को कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने लूट में प्रयोग किये गये वाहन को बरामद कर तीन संदिग्धों को दबोचा है। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

कस्बे के सकरावा रोड पर कनही नगरिया में स्थित अलमारी फैक्ट्री में बीती रात उस समय चीख पुकार मच गई जब आधा दर्जन बदमाशों ने लूट के इरादे से एक अलमारी फैक्ट्री पर धावा बोल दिया। बदमाशों का विरोध करने पर बेखौफ बदमाशों ने फैक्ट्री मालिक और चालक पर चाकू और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके पर अपना ऑटो और डीसीएम छोड़कर भाग निकले।

गंभीर रूप से घायल फैक्ट्री मालिक को कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि सौरिख कस्बे के ज्ञानोदय नगर निवासी पंकज दुबे की नगला कन्हई के पास जीके अलमारी के नाम से फैक्ट्री है जहां बीती रात करीब 10:00 बजे फैक्ट्री के बाहर एक ऑटो और एक खाली डीसीएम आकर रुकी। संदिग्ध वाहनों को देख फैक्ट्री के चालक पवन ने उन्हें रोकने की कोशिश की जिस पर बदमाशों ने गाली गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर अंदर से फैक्ट्री मालिक पंकज दुबे भी बाहर आ गये।

बदमाशों ने खुद को घिरता देख हमला बोल दिया। संघर्ष के दौरान एक बदमाश ने पंकज दुबे की पीठ में पीछे से चाकू घोंप दिया जबकि चालक पवन के कंधे पर चाकू और लोहे की रॉड से बदमाशों ने हमला किया। इस घटना को लेकर सौरिख थाना प्रभारी जयंती गंगवार ने बताया कि घटना स्थल से बरामद डीसीएम, ऑटो और सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कठोर कानून कारवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## 120 किलोग्राम बेंच प्रेस कैटेगरी में निहाल ने दूसरा स्थान पाया

**तिर्वा।** कस्बा के आजाद नगर निवासी निहाल (22) ने मथुरा में आयोजित पावर लिफ्टिंग ओपन बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

रविवार को मथुरा में आयोजित पावर लिफ्टिंग ओपन बेंच प्रेस डेडलिफ्ट चैंपियन प्रतियोगिता में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें अलग-अलग वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बीच निहाल ने 120 किलोग्राम बेंच प्रेस कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान अपने नाम किया। निहाल की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का बड़ा योगदान रहा। जीत के बाद उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को अपने ट्रेनर बउआ को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह संभव नहीं था। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने निहाल की इस सफलता पर खुशी जाहिर की।

# लोकतंत्र में किसानों की आवाज को दबाया जा रहा: प्रदेश उपाध्यक्ष

संवाददाता गुरसहायगंज



कोतवाली के बाहर प्रदर्शन करते किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

- भाकियू ने किया गुरसहायगंज तालग्राम थानों का घेराव
- प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को पुलिस द्वारा डिटेन करने पर प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गुरसहायगंज व तालग्राम थानों का घेराव किया और विरोध प्रदर्शन किया।

उड़ीसा के भुवनेश्वर में किसानों की आवाज उठाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैट को पुलिस द्वारा डिटेन करने पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने कोतवाली गुरसहायगंज व तालग्राम थाने में पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि यह कार्रवाई लोकतंत्र और किसान आंदोलन की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल रिहाई नहीं की गई तो लखनऊ से दिल्ली तक देश के कोने-कोने में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार यह समझ ले कि राकेश टिकैत का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं चौधरी राकेश टिकैत के कहने पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कुसुम चौहान, उपेंद्र राजपूत, कुलदीप कुमार, सचिन ठाकुर, प्रमोद तिवारी, राहुल कुमार, जीशान खान, शक्ति दीक्षित, मोहम्मद शहराज, सत्यम प्रजापति, असगर खान, अखिल फारुकी, मोहसिन खान, पवन माथुर, डॉ. साजिद हुसैन, रिजवान अहमद, डब्लू ठाकुर, इकबाल अहमद, अजय, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।

# विधायक अर्चना पांडे ने लखनऊ में मंत्रियों से की भेंट



चर्चा के दौरान मौजूद मंत्री व विधायक। अमृत विचार

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की।

विधायक ने सबसे पहले ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की नगरीय विकास योजनाओं और विद्युत आपूर्ति से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को मजबूती से रखा। मंत्री जी ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और प्राथमिकता के आधार पर उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इसके पश्चात अर्चना पांडे ने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र में विभाग द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की ।

# मुआवजे को लेकर केडीए के खिलाफ किसानों का आंदोलन होगा तेज

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के मंडल कार्यालय में मंगलवार को केडीए (कानपुर विकास प्राधिकरण) के खिलाफ मुआवजा न मिलने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

मौजा संभलपुर मैनावती मार्ग, तोमर फार्महाउस के पास 18 मार्च से लगातार 15 दिनों से किसान महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा भानू के बैनर तले धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी समस्या सुनने नहीं पहुंचा। बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सोमवार, 6 अप्रैल को कानपुर में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। यदि वहां भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचते और किसानों की मुआवजे की समस्या का समाधान नहीं होता, तो किसान कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) के लिए कूच कर देंगे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए उनके खाने-पानी की व्यवस्था सरकार/अधिकारियों को करनी होगी। कानपुर मंडल के सभी जिलों को इस महापंचायत की तैयारी करने के लिए सूचित किया गया है। बैठक में भारतीय किसान यूनियन भानू मंडल अध्यक्ष अमित राजपूत, रविकांत श्रीवास्तव अमन यादव आर.पी. ठाकुर विनय गुप्ता, रामकुमार यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद भानु गुट के लोग। अमृत विचार

# छिबरामऊ में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** दयाल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छोटे-छोटे कलाकारों की अदाकारी और नृत्य देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।

कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक दयाशंकर दीक्षित एवं मुन्नी देवी दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि विधायक अर्चना पांडेय ने बच्चों द्वारा रामचरितमानस के कथानक पर आधारित प्रस्तुति की खूब सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हर स्कूल में आयोजित होने चाहिए, ताकि बच्चे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ें और देश सही दिशा में आगे बढ़े। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा 10 तक के बच्चों ने नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की सबसे छोटी बच्ची का एकल नृत्य विशेष रूप से सराहा गया।

कार्यक्रम में पत्रकारों, डॉक्टरों, वकीलों, अभिभावकों, अधिकारियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शुभम सक्सेना, तृप्ति सिंह एवं अवन्तिका सिंह के संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन आशीष दीक्षित, डायरेक्टर राधा दीक्षित, प्रबंधक संदीप प्रताप वर्मा, प्राचार्य बृजेश कुमार पांडेय सहित गौरव चौहान, सौरभ सर, विजय सर, मोनिका यादव, मीनाक्षी दुबे, अलका सिंह, सौम्या आदि शिक्षकगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक रहे।

# अमृतपुर में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होते ही दबंगों का कहर शुरू

संवाददाता अमृतपुर

- घटना से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है

**अमृत विचार।** छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज होते ही दबंगों ने पीड़िताके साथ मारपीट की। पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि अरुण सिंह निवासी हमीरपुर सोमवंशी लंबे समय से उसकी नाबालिग पुत्रियों से अश्लील हरकतें व अभद्र टिप्पणियां करता था। जब पीड़िता ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया, तो आरोपी पक्ष बौखला गया। पीड़िता का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद दबंगों ने उसके साथ मारपीट की और जानमाल की धमकी दी। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। इस संबंध में पीडित्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि एक ओर बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी जमीन पर कब्जा कर कानून को चुनौती दी जा रही है।

उप जिलाधिकारी संजय सिंह ने मामले को गंभीर बताते हुए राजस्व टीम को मौके पर जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस को पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

**युवतियों से छेड़छाड़ करता युवक गिरफ्तार: अमृतपुर।** थाना अमृतपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर लड़कियों से अशोभनीय हरकत करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम ध्रुव पुत्र महेंद्र (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी ग्राम अलापुर, थाना अमृतपुर बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली, जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।। गिरफ्तारी की प्रक्रिया के दौरान सुप्रीम कोर्ट व मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन किया गया ।इस संबंध में थाना अमृतपुर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अमृतपुर।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

30 मार्च को उपनिरीक्षक राहुल सिंह टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्याम कुमार उर्फ हल्ली (28 वर्ष), निवासी मोहल्ला गोला कोहना, थाना कोतवाली फतेहगढ़ बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा 02 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछने पर आरोपी कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बरामद तमंचा पूरी तरह चालू हालत में था।

# लालपुर पट्टी में तालाब में गंदगी का अंबार, ग्रामीण होते परेशान

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत लालपुर पट्टी में स्थित तालाब वर्षों से सफाई के अभाव में बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं। तालाबों में जमी गंदगी और फैलती जलकुंभी के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस समस्या का सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है और लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण फैजाब और संजय ने बताया कि तालाब की नियमित सफाई न होने के कारण उसमें पानी भरकर सडक़ तक आ जाता है। जलभराव की स्थिति में पानी की निकासी भी संभव नहीं हो पाती, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। खासकर बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने यह भी बताया कि तालाब के समीप ही एक प्राथमिक विद्यालय स्थित है, जिससे बच्चों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। गंदगी और ठहरे पानी के कारण शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, कई बार ग्रामीणों के मवेशी भी तालाब में फैली जलकुंभी में फंस चुके हैं, जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका। यह स्थिति न केवल पशुओं के लिए खतरनाक है बल्कि ग्रामीणों के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है।



ग्राम पंचायत लालपुर पट्टी में स्थित तालाब में फैली गंदगी। अमृत विचार

**आयोजन** — डीआईजी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक

# कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ में आयोजित कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हरीश चंद्रा डीआईजी जोन कानपुर द्वारा की गई, जिसमें जिले के जनप्रतिनिधियों ने खुलकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में नागेंद्र सिंह राठौर (विधायक भोजपुर), सुशील शाक्य (विधायक अमृतपुर), डॉ सुरभि (विधायक कायमगंज), फतेहचंद राजपूत (भाजपा जिला अध्यक्ष) सहित कई प्रमुख लोग शामिल हुए ।सांसद मुकेश राजपूत की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में उनके भतीजे राहुल राजपूत ने बैठक में भाग लिया और क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, पुलिस की कार्यशैली, और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डीआईजी हरीश चंद्रा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर सुरक्षा और न्याय मिल सके।



पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में मौजूद डीआईजी हरीश चंद्रा व जनप्रतिनिधि।

## 22 लाख कीमत के 101 खोए मोबाइल बरामद

**फर्रुखाबाद।** पुलिस की सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 101 खोए हुए एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई गई है। बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर सर्विलांस सेल टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में सेल प्रभारी संत कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित शर्मा, हेड कांस्टेबल संदीप राव, अनुराग कुमार, सचिन सिंह और राहुल शर्मा शामिल थे। टीम ने कड़ी मेहनत से जनपद और अन्य जनपदों से इन 101 मोबाइल फोनों को ट्रैक कर बरामद किया।

# अनफिट स्कूल वाहन होंगे सीज आज से चलेगा चेकिंग अभियान

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों में लगे अनफिट वाहनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत के अनुसार जिले के समस्त विद्यालयों को परिवहन विभाग तथा शिक्षा विभाग द्वारा विकसित पोर्टल पर प्रत्येक स्कूल वाहन का विवरण भरना होगा। एआरटीओ ने बताया कि जिले में विद्यालयों के नाम 486 वाहन पंजीकृत हैं। वर्तमान में 130 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है, जिनमें से 33 वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जबकि स्कूली वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष है। 218 वाहनों के परमिट समाप्त है। शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अनफिट स्कूल वाहनों को पुलिस एवं परिवहन विभाग सीज करे तथा बीएसए तथा डीआईओएस ऐसे स्कूलों के विरूद्ध मान्यता समाप्त कराने तथा एफआईआर कराने की कार्यवाही करायें। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी विद्यालय संचालक जिनके वाहन नष्ट हो गए हैं एवं संचालन में नहीं है,के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त कराएं तथा बिना फिटनेस संचालित वाहनों की फिटनेस कराना सुनिश्चित करें ।

## न्यूज ब्रीफ

### मुलायम सिंह के गुरु रहे 105 वर्षीय सौखीराम त्रिपाठी का निधन

**बकेवर।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को प्राथमिक विद्यालय सैफई में पढ़ाने वाले उनके गुरु, 105 वर्षीय सौखीराम त्रिपाठी का मंगलवार को निधन हो गया। क्षेत्र के ईकरी गांव निवासी समाजवादी पार्टी के नेता अश्वनी त्रिपाठी के वयोवृद्ध पिता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सौखीराम त्रिपाठी ने मंगलवार दोपहर अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। उनका का अंतिम संस्कार टकरूपुर यमुना घाट पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### आदर्श स्कूल इकदिल का परीक्षाफल घोषित

**इकदिल।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रबंधक राम अवतार तिवारी ने सभी बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा कि सभी को निरन्तर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफ़िशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, नीतू, श्रष्टि तिवारी आदि उपस्थित थे।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूरा में किसी बात से नाराज होकर बालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दीपक 17 वर्ष पुत्र दाताराम राजपूत निवासी ग्राम रूरा सिविल लाइन ने किसी बात से नाराज होकर घर पर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी।

### पुलिस ने दो आरोपियों को ट्रैक्टर समेत दबोचा

**इटावा।** थाना वैदपुरा पुलिस ने जैसलमेर राजस्थान से ट्रैक्टर चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया। थानाध्यक्ष वैदपुरा नागेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चोरी के ट्रैक्टर के साथ ग्राम बनामई से वैदपुरा की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ रेलवे स्टेशन वैदपुरा को जाने वाली सड़क पर पहुंचे। कुछ समय बाद एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर चालक व पास बैठा व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर मौके से अंकित प्रताप पुत्र शिव सिंह गौर निवासी ग्राम बनामई वैदपुरा, कुलदीप प्रताप पुत्र शिव सिंह गौर निवासी ग्राम बनामई वैदपुरा को ट्रैक्टर सहित पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों से बरामद ट्रैक्टर के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे जैसलमेर, राजस्थान में एक मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में मजदूरी करते थे। वहां हमने अपने भाई के साथ मिलकर जून 2024 में यह ट्रैक्टर चोरी किया था।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के असवा गांव में खेत पर काम करते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। असवा गांव निवासी संदीप 28 वर्ष अपने खेत में गेहूं की फसल कटवाने के बाद ट्रैक्टर निकालने के लिए रास्ता साफ कर रहा था। इसी दौरान वह खेत में पड़ी लकड़ियों को हटाकर रास्ता बना रहा था ताकि ट्रैक्टर आसानी से निकल सके। कुछ लोगों ने 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में अवैध रूप से कटिया डालकर बिजली ले रखी है। इसका तार नीचे की ओर लटक रहा था। जैसे ही संदीप ने रास्ते में पड़ी लकड़ी हटाई, वह अचानक नीचे झूल रहे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गिर पड़ा और चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और किसी तरह बिजली के संपर्क से अलग कर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में मौजूद डॉ. ओमकांत राजपूत ने जांच के बाद संदीप को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा प्रमोद सिंह ने बताया कि अवैध रूप से डाली गई कटिया के कारण यह हादसा हुआ है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम जिला अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

# ट्रक ने आलू से भरे ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर, किसान की मौत

## ट्रैक्टर चालक घायल, इटावा मैनपुरी रोड पर नगला बरी के पास हुआ हादसा

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार।** इटावा-मैनपुरी मार्ग पर नगला बरी गांव के पास मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब आलू लेकर मंडी जा रहे ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

मंगलवार सुबह करीब पांच बजे शैलेन्द्र कुमार शाक्य ट्रैक्टर चला रहे थे, जबकि जोंगेंद्र सिंह ठाकुर ट्रैक्टर पर बैठे हुए थे। दोनों किसान आलू लेकर मंडी जा रहे थे। नगला बरी के पास सैफई की ओर से पीछे से आ रहे ट्रक चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे उसने ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर काफी दूर तक घिसटती चली गई और पलटकर चारों पहिए ऊपर हो गए। ट्रैक्टर-ट्राली ट्रक के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गई थी। हादसे में दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए।


ट्रक की टक्कर से पलटा पड़ा ट्रैक्टर व बिखरे पडे आलू के बोरे। अमृत विचार

- दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौका पाकर भाग निकला

आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला और उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जोंगेंद्र सिंह ठाकुर 42 वर्षीय पुत्र प्रह्लाद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं शैलेन्द्र कुमार शाक्य 28 वर्षीय पुत्र गिरीश चंद्र निवासी ग्राम लछबाई, थाना सैफई का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ट्रैक्टर-ट्राली में भरे आलू सड़क पर फैल जाने से मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।

पुलिस ने गुरुज्ञानदास आश्रम के पास से यातायात को एक तरफा डायवर्ट कराया और एक साइड का रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। क्षतिग्रस्त ट्रक व ट्रैक्टर-ट्राली को हटवा कर यातायात चालू कराया।

### चार दिन बाद भी लुटेरों का नही लगा सुराग

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दंपती से हुई सोने की चेन लूट की घटना को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। इससे न सिर्फ पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है, बल्कि क्षेत्रीय जनता में भी भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है।

ग्राम दाउदपुर निवासी प्राविधिक शिक्षा विभाग से अवकाश प्राप्त शिक्षक विनोद कुमार तिवारी अपनी पत्नी कमला तिवारी के साथ शनिवार की दोपहर को लखना से सब्जी लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लखना-चकरनगर मार्ग पर लालपुल के पास पहुंचे, तभी दो बाइक सवार बदमाशों ने चलती मोटरसाइकिल पर ही महिला के गले से करीब दो तोले की सोने की जंजीर झपट ली और दाउदपुर के सामने बम्बा की पटरी की ओर फरार हो गए। चार दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का कोई सुराग नही लगा सकी। वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जायेगा।

# आग लगने से 13 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददताता ताखा इटावा

- गांव के लोगों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**अमृत विचार।** नगला विजयी गांव में मंगलवार दोपहर में किसी राहगीर की फेंकी गई जलती हुई बीड़ी की चिंगारी से आठ किसानों की 13 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तहसीलदार व लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर किसानों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के पास से गुजर रहे एक राहगीर ने जलती हुई बीड़ी खेत के किनारे फेंक दी, जिससे सूखी फसल में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में सादीलाल के एक बीघा, ईश्वर दयाल के ढाई बीघा, मोहर सिंह के एक बीघा, भगवत दयाल के एक बीघा, सुरेंद्र के चार बीघा, बादशाह के एक बीघा, अजय कुमार के एक बीघा और मीना देवी के एक बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने ट्यूबवेल की सबसर्बिल पंप चलाकर करीब एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि जिस दिशा में आग बढ़ रही थी, वहां करीब 20 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता था, जिससे आग आगे नहीं बढ़ सकी और आसपास के सैकड़ों बीघा खेत जलने से बच गए। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार जावेद अंसारी ने बताया कि लेखपाल कुलदीप को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों को शासन की ओर से हर संभव सहायता दिलाई जाएगी।

### मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा दयालपुर निवासी किशन पुत्र सुल्तान सिंह को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत महानेपुर निवासी डॉली पत्नी आबिद को दबंगों ने चितभवन नगला भदा के पास मारपीट कर घायल कर दिया।

थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विजय नगर फाटक के पास दबंगों ने मारपीट कर बीना कुमारी पुत्री सुभाष चन्द्र निवासी मुरैथा इकदिल को घायल कर दिया। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अयारा निवासी रेखा पत्नी जीतू उर्फ जितेंद्र को दबंगों ने थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दतावली नहर के पास मारपीट कर घायल कर दिया।

## युवती की जलाकर हत्या में एक को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददताता इटावा

- कोर्ट ने पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौंड ने सात साल पुराने युवती की जलाकर हत्या करने के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। उसपर उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के गांव बिजौली के पास 18 अगस्त 2018 को बिजौली निवासी सुभाष चंद्र गुप्ता सुबह करीब पांच बजे अपने घर से शौच क्रिया के लिए निकले थे तो उन्होंने एक युवती को सड़क के किनारे जलती अवस्था में देखा था। युवती के हाथ पैर बंधे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जली अवस्था में शव को बरामद किया। सुभाष की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के दौरान इस घटना में ट्रक चालक राशिद उर्फ विक्की पुत्र सहीद निवासी इस्लाम नगर बाबर पुर का नाम प्रकाश में आया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दियाथा। पूछताछ में उसने हत्या की बात स्वीकार की और बताया उसका मोहल्ले की लड़की से प्रेम संबंध थे। वह अपने घर से जेवर लेकर उसके साथ भाग गई थी इसने युवती के जेवर रख लिये थे। विवाद होने पर उसने उसकी हत्या कर दी और पहचान मिटाने के नियत से उसके शव को जला दिया था

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण कुमार शुक्ला के द्वारा पेश किए गये साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने राशिद को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### करंट से झुलसा बंदर गुमटी पर गिरा, लगी आग

**बकेवर।** कस्बा लखना के नए नहर पुल के पास लोहे की गुमटी के ऊपर से निकली एचटी लाइन में सोमवार की रात एक बंदर चपेट में आ गया। करंट से झुलसकर बंदर गुमटी के ऊपर आ गिरा जिससे गुमटी में रखे सामान में आग लग गई।

कस्बा लखना के महेश्वरी मुहाल निवासी राहुल भोजवाल ने बताया कि उनकी गुमटी नया नहर पुल पर रखी है। सोमवार की रात दुकान के ऊपर से निकली 11 हजार बिजली लाइन की चपेट में आकर बंदर की झुलसकर मौत हो गई। आग से जला बंदर खोखा पर गिरा तो खोखे के अंदर रखे 35 हजार रुपये नकद व अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान से धुंआ उठता देखकर गुमटी मालिक प्रमोद कुमार सूचना दी। राहुल भोजपाल समेत अन्य लोग जब तब मौके पर पहुंचते तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। चेयरमैन गणेश शंकर ने डीएम से मुआवजा देने की अपली की।

# हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी के बैनर तले एक मैरिज होम में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कानपुर से आये मुख्य हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया ताकि उन्हें हज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। हज ट्रेनर अल्हाज़ शारिक अल्वी ने कहा कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाले को अल्लाह सीधे जन्नत में भेज देगा और जो लोग इंसानों का दिल दुखाएं उनका क्या हश्र होगा इस बात को भी जानना होगा। शिविर में इटावा, मैनपुरी, एटा, फीरोज़ाबाद, अलीगढ़, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, उरई, जालौन, भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना आदि जनपदों से हज यात्रियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को समझा।


मुख्य हज प्रशिक्षक शारिक अल्वी का स्वागत करते कमेटी के पदाधिकारी।

- मुख्य प्रशिक्षक शारिक अल्वी ने दी हज प्रक्रिया की पूरी जानकारी

हज यात्रियों के हज उमराह के सम्बंध में सवाल जवाब का सेशन हुआ। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी ने कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी सहित उलेमाओं सहित हज पर जाने वाले यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। हज प्रशिक्षण शिविर का संचालन नदीम अहमद एड. ने किया। कमेटी की ओर से हज यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर की सफलता में अंजुमने हुसैनिया कमेटी के संरक्षक हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, हाजी सरफराज मुस्तफा, अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील, उपाध्यक्ष साबिर हुसैन राइन, सेकेट्ररी असरार अहमद टिंकू, मीडिया प्रभारी शोएब खान रूमी, प्रवक्ता कासिम फारूकी, कोषाध्यक्ष अमान उल्ला खां, जिला हज ट्रेनर हाजी वसीम अहमद का सराहनीय योगदान रहा।

## इटावा की इशिता सिंह बनीं कोषाधिकारी


अपने माता पिता के साथ इशिता सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददताता इटावा

- पहले प्रयास में कामयाबी परिजनों में खुशी की लहर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से आयोजित पीसीएस परीक्षा में इटावा की इशिता सिंह ने अपने पहले प्रयास में ही कामयाबी हासिल की है। उन्हें कोषाधिकारी के पद पर नियुक्ति मिलेगी।

शहर के सिविल लाइंस में रहने वाली इशिता सिंह कानपुर मंडल के पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी रिपु शदमन सिंह की बेटी है। डा. रिपुदमन सिंह लंबे समय तक जिले के एकमात्र राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य रहे हैं। इशिता सिंह की मां भी शिक्षक है। इशिता सिंह की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी इंटर कॉलेज से हुई और फिर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में ऑनर्स की डिग्री हासिल की है। उन्होंने बताया कि उनका साक्षात्कार प्रभावी रहा और तभी उन्हें भरोसा हो गया था कि उनका चयन हो जाएगा।

# आजादी के 78 साल बाद कांयछी गांव को मिला सड़क का तोहफा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** चकरनगर क्षेत्र का गांव कांयछी बदहाली झेल रहा था लेकिन अब उसके दिन फिरने वाले है। गांव के लिए पक्का रास्ता न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक भरथना ने इस मुद्दे को विधान सभा में उठाया था। वही जिला अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला के अथक प्रयास से गांव के लिए पक्की सड़क को मंजूरी मिली है।

विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम ने अपने आवास पर पत्रकारों को बताया चकरनगर तहसील का कांयछी गांव कई दशकों से बदहाली की मार झेलता रहा है। करीब 500 की आबादी वाले इस गांव में पक्की सड़क का अभाव लंबे समय से सबसे बड़ी समस्या बना हुआ था। गांव तक पहुंचने के लिए सिर्फ ऊबड़-खाबड़ कच्चा रास्ता ही सहारा है। बरसात होते ही यह रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है और गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से लगभग कट जाता है। इस समस्या के पीछे वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) न मिलना बड़ी बाधा बना रहा, जिसके चलते वर्षों तक सड़क निर्माण अटका रहा। हालांकि अब गांव के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भरथना विधानसभा से विधायक राघवेन्द्र गौतम ने इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया। इसके बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के प्रयासों से शासन ने सड़क निर्माण को मंजूरी दे दी है। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है।


गांव जाने के लिय एक मात्र कच्ची सड़क। अमृत विचार

- काफी प्रयास के बाद गांव के लिए सड़क को मिली मंजूरी

## राम से बड़ा राम का नाम है : नंद किशोर

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** यमुना तलहटी स्थित सिद्धपीठ पड़राये वाले हनुमान मंदिर पर हो रही श्री राम कथा में दूसरे दिवस प्रवचन करते हुए वृन्दावन धाम के रसिक आचार्य नंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि राम से भी बड़ा राम का नाम है, और इस कलियुग में हरि नाम चाहे जैसे लिया जाए, उससे व्यक्ति का मंगल ही होता है।

उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदासजी ने राम चरित मानस में नाम महिमा की कई बार बड़े विस्तार से चर्चा की है, और वे यहां तक लिखते हैं कि "भाव कुभाव अनख आलसहू। नाम जपत मंगल दिसि दशहू"। अर्थात चाहे भाव से लिया जाए या कुभाव से, अथवा अनख्या कर और चाहे आलस्य से ही नाम क्यों न जपा जाए, हर प्रकार से उसका मंगल ही होता है। इसीलिए कहा गया कि "कहों कहां लग नाम बड़ाई। राम न सकहिं नाम गुन गाई। यानी स्वयं राम भी अपने नाम की महिमा नहीं बता सकते। इसके बाद उन्होंने सती चरित और शिव पार्वती विवाह का बड़े ही मनोरम ढंग से वर्णन किया। कथा के अंत में यजमान राजू परिहार एवं बसंत शुक्ला ने आरती की। पड़राये मंदिर के महंत पं. राधेश महाराज, उत्पल अग्निहोत्री, अभिनेंद्र सिंह, संजीव श्रीवास्तव, अर्पित, राहुल, संतोष, शिवजी, नितेश चौधरी, शुभम पाठक आदि ने प्रसाद वितरण की व्यवस्था की।


नंद किशोर पांडेय।

**भक्ति भावना** | महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा, सदर विधायक ने आरती उतारी

# शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर शहर के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सरायशेख से इस वर्ष भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य, मेडिटेशन गुरु मुनि विहसंत सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आयोजित इस शोभायात्रा को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्राचीन रथ पर विराजमान भगवान श्रीजी की प्रथम आरती उतारी।

शोभायात्रा कोतवाली चौराहा, सीओ सिटी चौराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, रंगलाल चौराहा तहसील चौराहा, बजाज लाइन, नगरपालिका चौराहा, पक्की सराये, तिकोनिया, नौरंगाबाद, सबितगंज चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई माया मैरिज होम पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में दर्जनों आकर्षक झांकियां शामिल रहीं जिनमें भगवान महावीर स्वामी, सोलह स्वप्न एवं पद्मावती माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।


महावीर जयंती शोभायात्रा में शामिल सदर विधायक और महाराज जी। अमृत विचार

ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शरबत, आइसक्रीम एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। विभिन्न स्थानों पर भगवान की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभयनारायण राय, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, एसआई मुकेश कुमार, एसआई कासिब हानिफ, पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभाले रहे। महावीर जयंती महोत्सव समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

# श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** जवाहर रोड स्थित भैरोमल राइस मिल परिसर में श्रीश्याम मित्र मंडल भरथना के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कन्हैया मित्तल ने मंच पर आते ही अपना प्रसिद्ध भजन आ गया में दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के, लेने आजा खाटू वाले रिंग्स के उस मोड़ पे... के अलावा अन्न भजन सुनाए। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

कार्यक्रम के दौरान खाटू श्याम बाबा का विशाल दरबार भव्य अलौकिक रूप से सजाया गया और विधि-विधान से ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। समिति पदाधिकारियों समेत श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती-वंदना कर बाबा को भोग प्रसाद अर्पित किया। पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज पोरवाल द्वारा खाटू बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया। महोत्सव में मुंबई से आए भजन गायक आशु वर्मा एवं भरथना की खुशी शाक्य ने भी साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा.. आदि भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान श्री श्याम मित्र मंडल के अतुल पोरवाल, विनोद यादव, अनुराग पोरवाल 'छुन्ना', सभासद रोहित भंसाली, अभिनव दीक्षित, राजू महेश्वरी, राजेश चौहान, राहुल यादव, रामजी तोमर, विशाल चौबे, अमित यादव, राजेंद्र पोरवाल 'रज्जू', सुनील शारदा, राजीव पोरवाल, संतोष वर्मा आदि रहे।


श्याम के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

- कन्हैया मित्तल के गीतों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने खाया जहर हालत गंभीर

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के ग्राम कंधिया निवासी एक युवक द्वारा पारिवारिक विवाद के बाद जहर खाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आदित्य कुमार (28) पुत्र श्रीराम किशोर का अपनी पत्नी वंदना को लेकर घर में विवाद हो गया था। विवाद के बाद युवक अछल्दा के नेविलगंज पहुंचा, जहां उसने जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर आदित्य कुमार ने स्वयं अपने जीजा अवधेश (निवासी गुनौली) को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही अवधेश मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा ले गए। डॉक्टर ललित मोहन द्वारा प्राथमिक जांच में सल्फास खाने की पुष्टि की गई। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### पीबीआरपी एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, छात्रों में उत्साह

**अयाना।** पीबीआरपी एकेडमी जसवंतपुर में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर एक उत्साहवर्धक परिणाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक दिनेश पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। परीक्षाफल वितरण विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार पांडेय और आए हुए अतिथियों ने शुरू किया। सभी छात्रों में अपने परिणाम को लेकर उत्साह और जोश दिखा। छात्रों की पूरे साल की लगन और परिश्रम ने उन्हें अपनी कक्षाओं में स्थान दिलाया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### राम- सीता के विवाह का दृश्य देख भावुक हुए लोग

**ऐरवाकटरा, औरैया।** कस्बे के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर चली श्री राम कथा के भंडारे के बाद इस पंडाल में धनुष यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित अमरदीप अवस्थी लक्ष्मण की भूमिका में रहे। अन्य कलाकार बाहर से बुलाए गए और धनुष भंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राम द्वारा धनुष तोड़कर सीता से विवाह कराया गया। लक्ष्मण परशुराम संवाद में दर्शक सुबह तक डटे रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में रानू पालीवाल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बीनू सक्सेना, सत्यम सोनी, अमन शाक्य, अंश सक्सेना, हिमांशु पालीवाल, आरव सक्सेना, अध्यापक अनुज शर्मा आदि लोग रहे।



भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**फफूंद, औरैया।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे का क्षेत्र में प्रथम आगमन पर भव्य अभिनंदन किया गया। ग्राम रामपुर मर्दान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पं. विष्णु दत्त शुक्ल ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे भावुक नजर आए। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, हम सभी को साथ लेकर काम करेंगे। आप लोग विश्वास रखें कि आपके किसी भी सुख-दुख में, जब भी आप मुझे याद करेंगे, मैं आपके पास खड़ा मिलूंगा और आपका साथ दूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम तिवारी, शिवाजी शुक्ल, मयंक, चंद्रशेखर पाल, कृष्ण गोपाल शर्मा, विनय दोहरे, पप्पू चिक और सुरेश कठेरिया सहित भारी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुलदीप दुबे के नेतृत्व में क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# प्रथम चरण में मकान गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- स्वगणना के प्रावधानों के बारे में जिलाधिकारी ने की विस्तार से चर्चा
- पहली बार नागरिकों को मिलेगा स्व-गणना का विकल्प, हो रहीं तैयारियां

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बताया कि पूर्णतः डिजिटल जनगणना-2027 की तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी हैं। उन्होने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी, जिसके प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में एक साथ 22 मई से 20 जून तक कराया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना कराई जाएगी। जनसंख्या गणना पूरे देश में फरवरी




बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

2027 में संपन्न होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 का संचालन डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिसमें पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है। राज्य में जनगणना के क्षेत्रीय कार्य आरम्भ होने से 15 दिन पूर्व, अर्थात् 7 से 21 मई 2026 तक, सभी नागरिक सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन प्रश्नावली भरकर अपनी जनगणना स्वयं करने हेतु उपलब्ध विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, समय-सीमा एवं जनगणना-2027 की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा गया कि जनगणना के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक एवं आवासीय स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी, जो भविष्य की विकास योजनाओं एवं नीति निर्माण का आधार बनेगी। उन्होंने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की आधारभूत संरचना के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के दौरान प्रगणक द्वारा भवन के उपयोग, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, कमरों की संख्या, स्वामित्व की स्थिति, शौचालय की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, खाना पकाने में प्रयुक्त ईंधन के प्रकार, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता, परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज तथा फोन, वाहन, टेलीविजन एवं इंटरनेट सुविधा जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार की सूचनाओं के विषय में आंकड़ों का संग्रह किया जाएगा। यह समस्त जानकारी डिजिटल माध्यमों से संकलित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, उप जिलाधिकारी कमल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, ई-डिस्टिर्क मैनेजर विपिन पाल सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष की सजा

## थाना बेला क्षेत्र में दर्ज आपराधिक मामले में न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाया



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** थाना बेला क्षेत्र में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मामले में न्यायालय ने सख्त फैसला सुनाते हुए नामजद अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2025 को थाना बेला पर पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त नीलू पुत्र श्री कृष्णा निवासी दलपपुर थाना बेला जनपद औरैया को दोषी करार दिया गया।

स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट न्यायालय औरैया द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 25,000 का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। इस मामले में थाना बेला पुलिस एवं अपर शासकीय अधिवक्ता द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय में ठोस साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए गए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।थानाध्यक्ष बेला, गंगा दास गौतम ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई सशक्त विवेचना और न्यायालय में प्रभावी पैरवी के चलते यह सफलता प्राप्त हुई है।

# ठगी करने में सात को चार-चार वर्ष की सजा

संवाददाता औरैया

- प्रत्येक पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में छह माह पुराने धोखाधड़ी व टप्पेबाजी के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि सिसौदिया ने सात दोषियों को चार-चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, उड़ीसा के जाजपुर जनपद निवासी तीन महिलाओं सहित कुल सात आरोपियों को दुखिया नायक, प्रताप सोंधी, राजू, माइकिल, शिवा, मीणा सरसा और दारा प्रधान ने शहर के एक व्यापारी को नकली सोना असली बताकर ठगने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने दुकान में रखे मोबाइल, नकदी और अन्य सामान भी चोरी कर लिया। मामले में वादी सदर बाजार, होमगंज निवासी सख्यजी (पुत्र स्व. हरिशंकर) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 8 अक्टूबर 2025 की शाम करीब चार बजे खानपुर चौराहा स्थित उनकी 'वैष्णवी ट्रेलर्स' की दुकान पर सात लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें ट्रेन में करीब एक किलो सोना मिला है, जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है, लेकिन वे इसे सस्ते में बेच देंगे। आरोपियों ने भरोसा दिलाने के लिए लाल कपड़े की पोटली में करीब पांच ग्राम सोना देकर एडवांस के तौर पर पैसे मांगे। व्यापारी ने पांच हजार रुपये दे दिए और शेष रकम जांच के बाद देने की बात कही। जब वह सोने की जांच कराने सुनार के पास गया तो सोना पूरी तरह नकली निकला। इसी मामले में सुनवाई हुई।



विरोध प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

# सफाई न होने से लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता औरैया

- बनारसीदास मोहल्ले में सफाई न होने पर लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बनारसीदास मोहल्ले में सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मोहल्ले के एक दर्जन से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पहले यहां तैनात सफाई नायक एवं सफाई कर्मी नियमित रूप से सफाई कार्य नहीं करते थे, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी की समस्या बनी रहती थी।

मोहल्ला निवासियों के अनुसार लगातार गंदगी और सफाई व्यवस्था में सुधार न होने के चलते उन्होंने नगर पालिका में इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद संबंधित सफाई कर्मियों को हटा दिया गया था। जिससे कुछ समय के लिए स्थिति में सुधार भी देखने को मिला। हालांकि अब उनका आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा उन्हीं सफाई नायक एवं सफाई कर्मियों को दोबारा से उसी क्षेत्र में ड्यूटी पर भेजने की तैयारी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन कर्मियों के खिलाफ पहले शिकायत की जा चुकी है और जिनकी कार्यशैली से क्षेत्र में गंदगी की समस्या उत्पन्न हुई थी, उन्हें दोबारा नियुक्त करना उचित नहीं है। इससे एक बार फिर मोहल्ले की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से मांग की है कि इन कर्मियों की पुनः नियुक्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाए और उनकी जगह जिम्मेदार एवं नियमित रूप से कार्य करने वाले कर्मचारियों को तैनात किया जाए। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बनारसीदास मोहल्ला क्षेत्रफल के हिसाब से काफी बड़ा है, जिसके कारण एक या दो कर्मचारियों के भरोसे सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करना कठिन है। इसको ध्यान में रखते हुए निवासियों ने मांग की है कि यहां कम से कम दो सफाई कर्मियों की नियमित नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्र में साफ-सफाई बेहतर ढंग से हो सके।मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वालों में गजराज सिंह, अनुज कुमार, शिवपाल, रामजी शर्मा, अभिषेक, गिरिजा देवी आदि हैं।

# ई-रिक्शा की टक्कर से दो युवक हुए घायल

संवाददाता,अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना-अछल्दा मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, रवि पुत्र चंद्र प्रकाश (16 वर्ष) और मंगल सिंह पुत्र सुखराम सिंह, जो गजनियापुर साम्हो, थाना भरथना, जनपद इटावा के निवासी हैं, बिधूना मंडी में भिंडी बेचकर अपने गांव लौट रहे थे। बिधूना-अछल्दा मार्ग पर वीरपुर गांव के सामने बने पेट्रोल पंप के पास अछल्दा की तरफ से आ रहे एक ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर मौजूद समीर नामक व्यक्ति ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा में भर्ती कराया। सीएचसी अछल्दा में डॉ. ललित मोहन ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। मंगल सिंह को सिर में गंभीर चोट (हेड इंजरी) लगने के कारण, दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना के संबंध में पूछताछ की और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# विकास परिषद औरैया शाखा का चुनाव संपन्न

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- छुन्ना मिश्रा अध्यक्ष ,देवमुनि पोरवाल सचिव एवं राजेश बाजपेई कोषाध्यक्ष
- आयोजन परिषद के सम्मानित सदस्य सतीश यादव के आवास पर किया गया

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद शाखा औरैया की आम सभा का आयोजन परिषद के सम्मानित सदस्य सतीश यादव जी के आवास पर किया गया।

इस बैठक की अध्यक्षता परिषद के संरक्षक संजीव त्रिपाठी जी ने की। सर्वप्रथम वन्देमातरम् के गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परिषद के सदस्यों ने केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा मनोनीत क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण डॉ रमेश शुक्ला जी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एस एस एस परिहार का माल्यार्पण करके स्वागत और अभिनंदन किया। तदोपरांत चुनाव अधिकारी ने वर्ष 2026- 27 के लिए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पद



नव निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू की। परिषद के सभी सदस्यों की आम सहमति से छुन्ना मिश्रा को अध्यक्ष ,देवमुनि पोरवाल को पुनः सचिव एवं राजेश बाजपेई को कोषाध्यक्ष पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। सभा के दौरान पिछले कार्यकाल की समीक्षा की गई एवं आगामी आने वाले नए सत्र के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छुन्ना मिश्रा ने सभी को साथ लेकर परिषद के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। पुनः निर्वाचित होने पर सचिव देवमुनि पोरवाल ने परिषद के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया और बताया कि परिषद इस वर्ष सेवा, संस्कार और पर्यावरण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। इस अवसर पर बृजेंद्र पांडेय, अंकित ग़होई, नितेंद्र सेंगर, गौरव वर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, आनन्द बरसइया, राजनारायण मिश्रा, सौरभ पुरवार, अमित बिसारिया, अशोक अग्रवाल, निलय मिश्रा, नितिन पुरवार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनायी भगवान महावीर की जयंती

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार को स्थानीय राणानगर प्रकाश कालोनी स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम और श्रद्धापूर्वक मनायी गयी।

मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। नगर के एकमात्र जैन मंदिर में भोर से ही जैन धर्मावलंबियों ने विशेष पूजा अर्चना करते हुये भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक किया। इस मौके पर नगर क्षेत्र के अलावा गेल एवं एनटीपीसी आदि औद्योगिक संस्थानों से भी जैन समुदाय के लोगों ने मंदिर में पूजा की जिसमें महिलाओं और बच्चों की भी मौजूदगी रही। पूजा के बाद मंदिर परिसर में आयोजित गोष्ठी में सुरेश चन्द्र जैन ने युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की नसीहत दी। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भगवान महावीर स्वामी का अवतार बिहार स्थित वैशाली में हुआ था वह जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। उनकी माता का नाम त्रिशला तथा पिता का नाम सिद्धार्थ था। उन्होंने तीस वर्ष की आयु में अपना राजपाठ बड़े भाई नंदवर्धन को सौंप कर दीक्षा लेकर बारह वर्ष तक कठोर तपस्या करते हुये ज्ञान प्राप्त किया। भगवान महावीर स्वामी ने 72 वर्ष की अवस्था में मोक्ष प्राप्त किया।

**आयोजन** — वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया

# एक्सिस पब्लिक स्कूल में पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक्सिस पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रहे विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

कक्षा यूकेजी के छात्र अंकुश बाबू ने पूरे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया और सभी का दिल जीत लिया। कक्षा पीजी में नैतिक ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि संस्कार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एलकेजी




बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

में छात्रा एलिस ने प्रथम, श्रेयश कुमार ने द्वितीय तथा पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी में नित्या ने प्रथम, अलीशा ने द्वितीय और त्रिशया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा एक में अनुष्का ने प्रथम, कृत ने द्वितीय तथा शौर्य अवस्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कक्षा दो में विजित विराज ने प्रथम, श्री श्रीवास्तव ने द्वितीय और वंश प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा तीन में अन्नू राजपूत ने प्रथम, भूमि ने द्वितीय और खुशी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में महिरा प्रथम, प्रतीक दुबे द्वितीय और आराध्य तृतीय स्थान पर रहे। अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने अभिभावको व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि 'उत्कृष्टता' हासिल करना है। हम अपने छात्रों को एक ऐसे मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ उनकी प्रतिभा (शैक्षणिक, खेल, रचनात्मकता) को निखारा जा सके। मुझे अपने शिक्षकों पर पूरा भरोसा है कि वे छात्रों का सही मार्गदर्शन करेंगे। माता-पिता का सहयोग हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए, हम मिलकर अपने बच्चों को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाएं जिसमें बच्चों बच्चों का समुचित विकास किया जा सके। स्कूल के उप प्रबंधक दीपक दीक्षित ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों को मिला प्रतिभा सम्मान

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खण्ड भाग्यनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय जैतपुर-फफूंद में आयोजित वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विभिन्न नृत्य, गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया और उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सर्वप्रथम जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में चयनित चार बच्चों आभाष, पीयूष, अखिलेश और नक्श को विशिष्ट अतिथि वृद्धिपाल ने प्रशस्तिपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। शतप्रतिशत वार्षिक उपस्थिति में कक्षा 3 के छात्र आयुष को एसएमसी अध्यक्ष इन्द्रपाल ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। दौड़ में आतिव,



बच्चों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

प्रिन्स, अनस और आकांक्षा, आराध्या, सिमरन को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा एक से पांच तक क्रमशः प्रथम स्थान पाने वाले प्रांशी, कल्पना, रिक्की, विमल, कनक, द्वितीय स्थान पाने वाले तनवी, कल्पना, देव, माही, देव, आराध्या, हिमानी पाल और तृतीय स्थान पाने वाले अंश, जानवी, अली असगर, अन्नू व पीयूष को एसएमसी सदस्यों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। प्रातः प्रार्थना सभा में सर्वाधिक दैनिक संदेश बोर्ड लेखन करने वाली छात्रा कनक को एसएमसी सदस्य जगत नारायण द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। विद्यालय को हरा भरा बनाने में योगदान देने वाले सभी सक्रिय बाल सदस्यों को प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश द्वारा ईको क्लब प्रमाणपत्र प्रदान किये गये ।

## न्यूज ब्रीफ

### बंटवारे के विवाद को लेकर पिता को पीटा

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के मवईजार गांव निवासी तुलाराम पुत्र कल्लू वर्मा की जमीन के बंटवारे को लेकर दो पुत्रों जयकरन, शिवचरण ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों पुत्रों ने गला को दबाते हुए थप्पड़ घूंसों से मारपीट करने से शरीर में चोट आई है। उसने दोनों पुत्रों के खिलाफ मारपीट किए जाने की थाना में तहरीर दी है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि जांच कर दोनों पुत्रों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र के खिलाफ थाने में मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के भरखरी गांव निवासी बट्टूलाल पुत्र मोतीलाल यादव ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव में हो रहे रामलीला को देखने के लिए उसका पुत्र गया था। रात को मोबाइल फोन गायब हो गया। सुबह पुत्र मान सिंह अपने घर के दरवाजा में आकर पिता के साथ अभद्रता करने लगा। मना किए जाने पर थप्पड़ घूंसा डंडा से मारपीट के करने से शरीर में चोटें आई है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि जांच कर पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### साहित्यकार के निधन पर जताया शोक

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था ने प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं शिक्षक मुन्नीलाल अवस्थी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने कहा कि वह सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी रहे। जिला पीस कमेटी के सदस्य होने के साथ बहुभाषाविद थे। महामंत्री अवधेश कुमार गुप्ता ने उन्हें संवेदनशील व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि समाज के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है। उपाध्यक्ष अशोक अवस्थी ने कहा कि वे हरदिल अजीज थे। उनकी सहजता हमेशा याद की जाएगी।

### गन्ना जूस पीते जीभ में मधुमक्खी ने डसा

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के बहरेला निवासी जयनारायण (52) पुत्र जगदेव मंगलवार दोपहर बाजार करने कस्बे आए थे। तहसील रोड स्थित एक गन्ना जूस की दुकान पर जूस पीते समय अचानक मधुमक्खी ने उनकी जीभ पर डंक मार दिया। डंक लगते ही जयनारायण की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें तेज दर्द व सूजन की शिकायत होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें तत्काल कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। चिकित्सक डॉ. शानिब खान के अनुसार, मधुमक्खी के डंक से जीभ में सूजन आने पर सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। एहतियातन मरीज को निगरानी में रखा गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने दे दी जान

**कुरारा।** कस्बे के टेंडरी मोहाल निवासी भगवानदीन उर्फ दुर्गा अहिरवार (90) ने मंगलवार सुबह सीढ़ियों के सहारे मफलर बांध कर आत्महत्या कर ली। उसके दो लड़के शिवपाल व वेद प्रकाश है। उन्होंने बताया कि पिता बीमारी से परेशान थे। चलने फिरने में भी असमर्थ थे। इसी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर पहुचे सब इंस्पेक्टर किशन सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच होगी।

### किशोर ने घर में फंदा लगा की आत्महत्या

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के विदोखर मेदनी निवासी मंगल प्रजापति पत्नी के साथ गुजरात के सूरत में रहकर मजदूरी करता है। इसके दो पुत्र राजकुमार एवं सुमित प्रजापति गांव में रहते हैं। सुमित (16) ने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। सोमवार को बड़ा भाई राजकुमार रिश्तेदारी में बाहर गया था। मंगलवार को सुबह उसने कई बार सुमित को फोन किया परंतु रिसीव नहीं हुआ। शक होने पर उसने अन्य परिजनों को फोन किया पड़ोस में रहने वाले ताऊ प्रेमशंकर प्रजापति ने छत से जाकर देखा तो यह फांसी पर झूल रहा था। उसने घटना से भाई राजकुमार के साथ प्रधान लालाराम यादव को अवगत कराया। घटना से गुजरात के सूरत में रह रहे माता-पिता को अवगत कराया गया। घटना की सूचना पाकर भाई रिश्तेदारी से लौट रहा है। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। छात्र ने फांसी क्यों लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है मौके पर पुलिस बल भेजा गया है।

# युवती के अपहरण में मानव तस्करों का हाथ

## चार दिन से युवती का सुराग नहीं लगने पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- वेश्यावृत्ति के दलदल में फंसाने की जताई आशंका, तफ्तीश तेज
- एक पुराने मामले में मुख्य आरोपी के भाई को कोर्ट से हुई थी सजा

**अमृत विचार।** चार दिन बाद भी गायब युवती का सुराग नहीं लग सका है। परिवार बेहद परेशान है। तलाश करते-करते हताश होने के बाद युवती के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। आरोपियों पर मानव तस्करों से संबंध होने का आरोप लगने के साथ ही युवती को वेश्यावृत्ति के दलदल में झोंकने की आशंका जताई गई है।

मौदहा कस्बे के एक मोहल्ले के रहने वाले एक युवक की ओर से कोतवाली में दी गई तहरीर के मुताबिक चार दिन पहले वह रिश्तेदारी में मध्य प्रदेश गए थे। घर में उसकी मां और बहन थी, तभी बड़ा कसौड़ा निवासी खालिक कुरैशी पुत्र दन्ना, इकराम नाई पुत्र गुलाम और मोहल्ले के कुछ अज्ञात युवक उसकी बहन को ले गए। तहरीर में यह भी बताया गया है कि मुख्य आरोपी खालिक कुरैशी के भाई ने लगभग दो दशक पहले मोहल्ले की दो लड़कियों का अपहरण किया था। मुकदमे में वह का मुख्य आरोपी बनाया था।

गहराई से जांच-पड़ताल करते हुए लगभग छह महीने बाद मौदहा पुलिस ने दोनों लड़कियों को दिल्ली के रेड लाइट एरिया से बरामद किया था। उस मुकदमे में आरोपी के भाई जलालुद्दीन को सजा हुई थी, जो आज भी जेल में है। पीड़ित ने आरोपियों का संबंध मानव तस्करों से होने और अपनी बहन की हत्या या वेश्यावृत्ति के दलदल में फंसाने की आशंका जताई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द खुलासा होगा।

### अप्रैल माह में होनी युवती की शादी

- पीड़ित की ओर से थाने में दी गई तहरीर में यह भी बताया गया कि उसकी बहन की शादी अप्रैल महीने में होनी है, जिसके लिए घर में तैयारियां चल रही थीं। लाखों रुपये नकदी और लाखों के जेवरात रखे भी थे, जो गायब हैं।

### जिला सहसंयोजक पर एक और रिपोर्ट

**सुमेरपुर।** पूर्व सभासद के घर के बाहर पिस्टल लहराते हुए गालियां देने पर पुलिस ने बजरंग दल के जिला सहसंयोजक के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने पूर्व सभासद राजेश सहारा की तहरीर पर बजरंग दल के जिला सहसंयोजक नैतिक सोनी के खिलाफ पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। एक सप्ताह में बजरंग दल के जिला सह संयोजक के खिलाफ यह दूसरा मुकदमा है। इसके पूर्व अर्थ होटल में एके-47 गैंग के सरगना रामजी सिंह के साथ मिलकर जमकर कहर बरपाया था। इस घटना में बजरंग दल के जिला सह संयोजक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था तभी से यह गिरफ्तारी के भय से भूमिगत हैं। एक सप्ताह के अंतराल में दूसरा मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी की मां ने पूर्व सभासद के खिलाफ छेड़खानी का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया की तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है अभी तक छेड़खानी करने के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

# दो थानों को मौदहा डिवीजन में शामिल करने के लिए हड़ताल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- बिवांर और मुस्करा थाने को संबद्ध करने की उठी मांग
- मौदहा तहसील के अधिवक्ताओं ने नारेबाजी संग किया प्रदर्शन



मौदहा तहसील में मंगलवार को प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिवांर व मुस्करा थानों को सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन मौदहा में शामिल करने की मांग को लेकर लंबे समय से चल रही अधिवक्ताओं की एक दिवसीय हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। तमाम अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए अधिवक्ता संघ जिंदाबाद के नारे लगाए।

तहसील के अधिवक्ता जयहिंद, सुधाकर शर्मा, आदित्य त्रिपाठी, विवेक दीक्षित, जयप्रकाश शुक्ला, वहीद खान, अवनीश कुमार, निहाल खान, संदीप प्रजापति, नन्हे यादव व जावेद अहमद आदि ने बताया कि पिछले लगभग पांच वर्षों से बिवांर और मुस्करा थानों से संबंधित वादों को न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन मौदहा में शामिल करने की मांग बार एसोसिएशन की ओर से की जा रही है, ताकि वादकारियों को लगभग 50 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय न जाना पड़े। मौदहा कस्बे से बिवांर और मुस्करा की दूरी 20 से 30 किलोमीटर है, जबकि जिला मुख्यालय की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। वाद क्षेत्र करीब हो जाने से वादकारियों को समय और खर्च दोनों में राहत मिलेगी। जनहित की अपनी इसी मांग को लेकर समस्त अधिवक्ता प्रत्येक मंगलवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहते हैं, जो मांग पूरी नहीं होने तक अनवरत जारी रहेगा।

# पराली में भड़की आग लपटों से जूझे किसान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- किसानों ने नलकूप चलाकर आग पर काबू, गेहूं की फसल बची



आग से जली गेहूं की पराली।

**अमृत विचार।** मंगलवार को सुबह क्षेत्र के ग्राम पलरा में गेहूं की पराली में अचानक आग भड़क उठने से किसानों में अफरा तफरी मच गई। सैकड़ों की तादाद में एकत्र हुए किसानों ने नलकूपों को चला कर आग पर काबू पाकर खेतों में पकी खड़ी फसलों को बचाया।

मंगलवार सुबह करीब 10:00 बजे पलरा गांव निवासी रमजान के खेत में गेहूं की कटाई के बाद खड़ी पराली में अचानक आग भडक उठी देखते ही देखते आग ने कई बीघे को अपनी चपेट में ले लिया। आग का यह रूप देखकर किसानों के हाथ पैर फूल गए। आसपास के खेतों में पकी खड़ी फसलों को बचाने के लिए सैकड़ों किसान घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। किसानों ने आसपास लगे निजी नलकूपों को चलाकर पानी लाकर आग पर काबू पाया। आग बुझने पर किसानों ने राहत की सांस ली। ग्राम प्रधान राम खिलावन श्रीवास ने बताया कि आग शायद खाना बनाते समय झोपड़ी में लगी थी, उसी ने पराली को पकड़ लिया और विकराल हो गई। आग से करीब पांच बीघे से अधिक पराली जली है। किसानों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया है किसी भी किसान की फसल नहीं जली है।

# जूनियर में आशी, सीनियर में युवराज टॉपर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने किया। विद्यालय का कुल परीक्षाफल 94.28 प्रतिशत रहा। कुल पंजीकृत छात्र 858 जिसमें 809 छात्र उत्तीर्ण तथा विचाराधीन (रोके गये) छात्र 49 रहे।

प्रधानाचार्य ने बताया कि जूनियर वर्ग में आशी राठौर कक्षा 8 के 96.8 प्रतिशत तथा सीनियर वर्ग में युवराज सिंह कक्षा 11 के 93.25 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉपर रहे। प्रबंधक रामकरण सिंह ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने में परीक्षाओं से गुजरना होगा, उससे विचलित न हों। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ कार्तिकेय गुप्ता 98 प्रतिशत, दैनिक वन्दना में कृष्णा आदि रहे। स्थान पाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। आचार्य विजय भान सिंह, ऋषिराज निगम, अनीता सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर ज्ञानेश जड़िया, रमेश कुमार शुक्ल, हेमन्त कुमार व मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते विद्यालय के प्रबंधक। अमृत विचार

### मौदहा में सार्थक और हर्षिता ने मारी बाजी

- **मौदहा।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह एवं भगवान महावीर जयंती मनाई गई। अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, राहुल कुशवाहा, प्रबंधक शिवशंकर सिंह, प्रधानाचार्य भारत सिंह ने पुरस्कार बांटे। कक्षा पांच में सार्थक गुप्ता 93.5%, कक्षा सात की हर्षिता त्रिपाठी ने 95.5% अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पाया। एकादश के कार्तिक कुटार ने 93.9% अंक के साथ द्वितीय स्थान पाया। एलकेजी में सूर्यांश सोनी, यूकेजी में नारायण गुप्ता, प्रथम में गणेश गुप्ता, द्वितीय में शिवांश गुप्ता, तृतीय में वैष्णवी, चतुर्थ में अंशिका सोनी, पंचम में सार्थक गुप्ता, षष्ठ में पार्थ, सप्तम में हर्षिता, पीयूष और लक्ष्मी ने प्रथम, अष्टम में श्रीजिता, आर्यन द्विवेदी व सुनाक्षी प्रथम, नवम में नैतिक गुप्ता, लक्ष्मी प्रथम, एकादश में कार्तिक कुटार प्रथम स्थान रहे।

# ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी, दो युवक घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़े बाइक सवारों को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा निवासी शिवकुमार (25) पुत्र रामलखन अपने साथी रामाधीन कुशवाहा (23) के साथ बाइक से कस्बे आ रहा था। नेशनल हाईवे 34 पर नेशनल रोड़ मोड़ के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी कर रहे थे। उसी समय कानपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शिवकुमार की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

- **कुरारा।** मौदहा कोतवाली के मराठीपुरा, कांशीराम कॉलोनी निवासी अजय पुत्र बच्चू ने थाने में दी तहरीर में बताया की बीते 26 मार्च को 8:15 बजे पिता मोटरसाइकिल से आ रहे थे। तभी मंडी के पास तेजी व लापरवाही से स्कॉर्पियो चलाते हुए चालक विजय शुक्ला पुत्र केदार शुक्ला निवासी नाला पार कस्बा कुरारा ने टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने स्कार्पियो चालक विजय शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नवीन मंडी में खुली पुलिस चौकी अभिषेक त्रिवेदी प्रभारी बनाए गए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ती घटनाओं को देखते हुए नगर क्षेत्र में नवीन मंडी पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने विधि-विधान के साथ किया।

निवर्तमान एसपीडॉ.दीक्षा शर्मा की पहल पर स्थापित इस चौकी में 10 सिपाहियों की तैनाती की गई है। अभिषेक त्रिवेदी को चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। उद्घाटन में सीओ राजकुमार पांडेय, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नई चौकी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा।



फीता काटकर नवीन मंडी पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। अमृत विचार

### डा.दीक्षा शर्मा की जगह मृगांक शेखर को कमान

- **हमीरपुर।** तीन वर्ष तक जिले की कमान संभालने के बाद एसपी डा.दीक्षा शर्मा का स्थानांतरण हो गया है। शासन ने उनके स्थान पर मृगांक शेखर को जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार देर शाम हुए तबादले में डा.दीक्षा शर्मा को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। यहां तैनाती के दौरान उन्होंने अभियान चलाकर अपराधियों को जेल भिजवाया। अपने कार्यकाल में कई ऐसी सनसनीखेज घटनाओं का खुलासा किया। इस कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसे कार्य किए, जिसे शासन स्तर पर भी सराहा गया।

### डंपर से कुचलकर किसान की मौत

**सुमेरपुर।** सोमवार देर शाम कस्बे के पशु बाजार के समीप डंपर से कुचले किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बड़े भाई की 8 वर्ष पूर्व रतलाम में ट्रक से कुचलकर मौत हो गई थी।

मूल रूप से बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक के अमारा गांव का निवासी कुलदीप सिंह राठौर (43) कस्बे के इमिलिया थोक में वार्ड संख्या 9 में परिवार सहित रहता था और खेती-किसानी से परिवार के भरण पोषण करता था। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे बाइक से बाजार जाते समय पशु बाजार के समीप तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया था और मौके से भाग निकला था। सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। मौत पर पत्नी सुधा सिंह, पुत्र अभय सिंह, पुत्री सृष्टि सिंह, विवाहिता पुत्री श्रद्धा रोती-बिलखती रहीं।

# सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को विदाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक के उजनेड़ी गांव स्थित कृषक भारती जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाचार्य शिवनारायण यादव को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रबंधक कुलदीप सिंह ने कहा कि इन्हीं गुरुवर ने उन्हें पढ़ाया। इनके पढ़ाए गए बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य से अनुरोध किया कि विद्यालय के विकास में अपना योगदान देते रहें। पूर्व प्रधानाचार्य शारदादीन यादव ने कहा बच्चों को अच्छे संस्कार देना ही अध्यापक का प्रमुख कर्तव्य होता है।

विदाई समारोह में प्रबंध कमेटी की ओर से अधिवक्ता गजेंद्र प्रताप सिंह ने स्मृति चिह्न और शाल भेंट किया। इस मौके पर सहुरापुर के चुन्नू सिंह, मलखान सिंह, श्याम बाबू सिंह, जिला विज्ञान क्लब समन्वयक डॉ.जीके द्विवेदी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को स्मृति चिह्न भेंट करते शिक्षक। अमृत विचार

### विदाई में याद आया गुरुजनों का योगदान

- **राठ।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में पांच शिक्षकों को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कालेज सभागार में शिक्षक योगेंद्र सिंह चौहान, संतोष कुमार तिवारी, श्याम किशोर दीक्षित, योगेंद्र नारायण अवस्थी और मुरलीधर को समिति के अध्यक्ष डा.हरिओम नगाइच, प्रबंधक केजी अग्रवाल, प्रमोद तोमर, मैयादीन सोनी, पूर्व प्रधानाचार्य हरिनारायण नगाइच, प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी ने माला पहनाकर उपहार दिए। इस दौरान प्रबंधक केजी अग्रवाल ने कहा कि शिक्षकों ने अटूट मेहनत कर इस शिक्षा संस्थान में बुलंदियों पर पहुंचाया है। जो सदैव याद किए जायेंगे। सम्मान समारोह के दौरान सभी आचार्य मौजूद रहे।

पूरी होगी आस | 7196 .69 लाख रुपये से होगा निर्माण कार्य, 1579 लाख की धनराशि अवमुक्त

# बांदा रोड पर ओवरब्रिज निर्माण को स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शासन ने सुमेरपुर कस्बे के बांदा मार्ग पर बने रेलवे के गेट संख्या 31 सी के ऊपर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 1579 लाख की धनराशि अवमुक्त की है। इसका निर्माण 7196.69 लाख से होना है। इसके लिए गत वर्ष मई माह में नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर ओवरब्रिज की मांग की थी। इसके पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भी कई बार ओवरब्रिज की मांग कर चुके हैं।

कस्बे के मध्य से गुजरे बांदा पैलानी तिंदवारी मार्ग पर छोटी बाजार एवं धर्मेश्वर बाबा मुहाल के मध्य कानपुर बांदा रेल खंड का गेट संख्या 31 सी बना हुआ है। रेलवे लाइन के दोहरीकरण के बाद ट्रेनों की संख्या में इजाफा होने से यह गेट दिन और रात में कई मर्तबा बंद करना पड़ता है। इस वजह से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को घंटो रेलवे फाटक के खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

सुबह शाम कई ट्रेनों का समय थोड़ी-थोड़ी देर के अंतराल में है। इस वजह से सुबह शाम लोगों को सर्वाधिक परेशानी होती है। इसके मद्देनजर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने कई बार ज्ञापन सौंपा था। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने गत वर्ष 30 मई को मुख्यमंत्री से भेंट करके रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाने का ज्ञापन सौंपा था और आए दिन होने वाली राहगीरों की परेशानी से अवगत कराकर ओवरब्रिज निर्माण की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था।

इसके बाद 30 मार्च को शासन के अनु सचिव अभय प्रताप श्रीवास्तव ने प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र भेज कर 7196.69 लाख की वित्तीय स्वीकृत प्रदान करके निर्माण शुरू कराने के लिए 1579.90 लाख की धनराशि अवमुक्त की है। धनराशि जारी होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष व व्यापार मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे कस्बे के विकास को गति मिलेगी और राहगीरों को जाम आदि की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।




इसी रेलवे फाटक पर होगा ओवरब्रिज का निर्माण। अमृत विचार

### परीक्षाफल पाकर खिल उठी मुस्कान

**राठ।** कस्बे के उर्मिला देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि ब्रहमानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुरेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. नवीन बुधौलिया, देवेंद्र कुमार राजपूत ने बच्चों को परीक्षाफल वितरित कर बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मपाल कोष्टा ने की। इस दौरान कक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों में जयदीप, अनुष्का, महक, आराध्या, राधिका, आदित्य कुमार, प्रियांशी, अंशिका, भूमि, भूपेश कुमार, प्रतीक्षा को परीक्षाफल और पुरस्कार देकर उनका हौंसला बढ़ाया। इसी तरह से द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में वैष्णवी, रक्षा, अथर्व, अंश, परिधि कुमारी, नैतिक, आरोही, पूजा, रिया, गीता, शिवांशु और गरिमा को सम्मानित किया।



सरसई गांव में जवारा जुलूस में शामिल महिलाएं और युवतियां। अमृत विचार

### सरसई में निकाला गया जवारा जुलूस

**कुरारा।** विकास खंड क्षेत्र के सरसई गांव में पारंपरिक आस्था के तहत जवारों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। क्षेत्र के सरसई गांव में मंगलवार को जवारों की शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। ढोल-नगाड़ों डीजे गाजे बाजे के साथ और भक्ति गीतों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, ग्राम प्रधान रामबाबू, जितेन्द्र कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक परंपराओं को सहेजने वाला बताया। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्ची ने कपूर मिक्स नारियल तेल गटका

**महोबा।** शहर के नारूपुरा में चार वर्षीय शाहिस्ता घर में खेल रही थी, तभी उसने बोतल में कपूर और नारियल तेल का मिश्रण पी लिया। कुछ देर बाद अचेत होकर गिर पड़ी और उसका शरीर अकड़ने लगा। चाचा जावेद उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉ. दीपक ने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शाजी राहील को बुलाया। बच्ची को ऑक्सीजन लगाई गई, जिसके बाद मुंह से खून भी उगला। डाक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### माता-पिता से बिछड़े बालक को मिलवाया

**महोबा।** सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत खनगा बाजार में डेढ़ वर्ष का बालक परिजनों से बिछड़ गया था। पुलिस ने बालक को थाने में बैठाया और उसके परिजनों की तलाश की। पुलिस के प्रयासों के फलस्वरूप भटेवर गांव की विनीता अहिरवार पत्नी हीरालाल अहिरवार और उसके देवर अरविंद अहिरवार कोतवाली पहुंचे। आवश्यक पहचान एवं सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण करने के उपरांत बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने कोतवाली पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रशंसा की है।

### बैडमिंटन खेलते वक्त हार्टअटैक से मौत

**महोबा।** जिला स्टेडियम में बैडमिंटन खेलते समय एक ठेकेदार लड़खड़ा कर जमीन पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। साथ खेल रहे अन्य लोगों ने उन्हें उठाकर सीपीआर देने के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शहर की पस्तोर गली निवासी सुधीर (58) स्टेडियम में बैडमिंटन खेल रहे थे। खेलते-खलते वह लड़खडाने लगे और सीने पर हाथ रखते हुए वहीं गिर गए। उन्हें गिरता देख पहुंचे साथियों ने सीपीआर देने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी सांसें कम होती चली गई। लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद साइलेंट हार्ट अटैक बताते हुए मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि ठेकेदार के परिवार में उनकी पत्नी रंजना (55) और दो बेटे अंशुल गुप्ता और अनमोल (26) है। अनमोल की नवंबर माह में विवाह होना था।

# पहले दिन गेहूं की नहीं हो सकी खरीद

- आधी-अधूरी तैयारियों के साथ खुले गेहूं खरीद केंद्र
- केंद्र में पॉश मशीन आने का इंतजार करते रहे किसान

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** रबी फसल के सीजन में गेहूं की पैदावारी के बाद शासन ने 30 मार्च से 15 जून तक गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन खरीद केंद्रों पर पॉश मशीन की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण गेहूं की खरीद शुरू करना संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं किसानों ने गेहूं की खरीद जल्द से जल्द शुरू करने की मांग की है, जिससे गेहूं फसल का उचित मूल्य मिल सके।

प्रत्येक वर्ष की भांति रबी फसल के सीजन में विभिन्न स्थानों पर शासन द्वारा गेहूं खरीद केंद्र खोले जाते हैं, जिसमें एमएसपी पर गेहूं की खरीद की जाती है। नगर में मात्र एक स्थान पर पीसीएफ ने कुलपहाड़ सहकारी संघ में गेहूं खरीद केंद्र बनाया है, जबकि पूर्व वर्षों में दो दो केंद्र बनाए जाते थे। इस साल एक केंद्र बनाए जाने पर किसानों की भारी भीड़ जमा होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, इससे किसानों में असंतोष व्याप्त है। इस वर्ष शासन द्वारा निर्धारित रेट 2585 रुपये क्विंटल गेहूं की खरीद केन्द्रों पर की जाएगी। केंद्र प्रभारी गौस मोहम्मद ने बताया कि अभी पॉश मशीन नहीं आई है। बारदाना, कांटा व सिलाई मशीन केंद्र पर उपलब्ध है। पॉश मशीन आते ही खरीद शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र में किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



कुलपहाड़ में खोला गया गेहूं खरीद केंद्र। अमृत विचार

## बैंकों में सुरक्षा का लिया जायजा

**महोबा।** पुलिस ने मंगलवार को बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के सभी कोतवाली प्रभारी और थानाध्यक्षों ने अपने अपने क्षेत्र के बैंकों में सुरक्षा उपकरणों को परखा और बैंक के पास खड़े लोगों को हिदायत दी।

पुलिस बल ने संचालित बैंकों के अलावा अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमण किया। इस दौरान बैंक के अंदर और बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई। बैंकों के आसपास खड़े लोगों से पूछताछ कर उनको वहां से हटाया गया। इस दौरान बैंक के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरों, वार्रिंग आलर्म और सुरक्षा संबन्धी उपकरणों को चेक कर उनकी गुणवत्ता को परखा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण हुआ। मेधावियों को शील्ड व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि बच्चा वर्ष भर मेहनत करता है। इसका सार्थक परिणाम मिलने पर उन्हें खुशी मिलती है। भाजपा जिला महामंत्री धीरज बाथम ने कहा कि बच्चे आगे के लिए लक्ष्य निर्धारित करें और अभी से तैयारी में जुट जाएं। अंजनी दुबे ने कहा कि छात्रों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत ने बताया कि प्राइमरी में श्रृद्धा, जुनियर में अंश गुप्ता, सीनियर में गौरी गुप्ता ने विद्यालय टॉप किया है। पीजी में परी शिवहरे, नर्सरी में डॉली, एक में हिमांशु, दो में श्रृद्धा, आयत मंसूरी, 3 में अमन तोमर, 4 में प्रभात व माधव, 5 में कुशल प्रताप व आयत, छह में सुधांशु व आतिफ, सात में दिव्यांशु व अनन्या पाल, आठ में अंश गुप्ता व राधिका, नौ में रूस्तम सिंह भदौरिया व गौरी गुप्ता, कक्षा 11 में आशिता राठौर ने बाजी मारी है। प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने शील्ड व पुरस्कार बांटे। यहां धीरज गुंप्ता, मानसिंह चौहान, राजेश प्रजापति, केके श्रीवास्तव आदि रहे।

# गर्मी की दस्तक के साथ गहराया पानी का संकट

## स्यावन गांव में बनाई गई पानी की टंकी अभी शोपीस बनी

- पाइप लाइन तो बिछी, लेकिन ज्यादातर नलों में टोटियां नहीं
- दूरदराज से पानी ढोकर गर्मी में प्यास बुझा रहे गांव के लोग
- अधिकारी बोले जलापूर्ति शुरू करने का किया जा रहा हर संभव प्रयास

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होते ही जैतपुर विकास खंड क्षेत्र के स्यावन गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है। लगभग तीन हजार की आबादी वाले इस गांव में जल निगम की ग्राम पेयजल योजना धरातल पर उतरती नजर नहीं आ रही। योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन ज्यादातर पाइपों में टोटियां नहीं लगाई गई। गांव के बाहर बनाया गया ओवरहेड टैंक शोपीस बनकर रह गया है, जिससे ग्रामीणों को पानी को लेकर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति मुहैया कराने की गरज से गांव के बाहर बनाए गए ओवरहेड टैंक का ग्रामीणों कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई, लेकिन कई स्थानों पर पाइपों में टोटियां तक नहीं लगाई गई हैं। वहीं सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें सही तरीके से दुरुस्त भी नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को जहां एक तरफ पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा वहीं दूसरी तरफ आवागमन में भी दिक्कत हो रही है।


शोपीस बनी पानी की टंकी। अमृत विचार

लाखों रुपये की लागत से बनाए गए ओवरहेड टैंक में थोड़ा बहुत पानी पहुंच पाता है, जिससे ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जल संकट के चलते ग्रामीणों को दूरदराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे रोजाना पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, जिससे जन जीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना कागजों में तो पूरी दिख रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

## एक की पहाड़ से गिरने दूसरे की ट्रैक्टर से मौत

**महोबा।** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

खरेला क्षेत्र के पाठा गांव निवासी निखिल (58) पुत्र धीरज किसानी करता था। सोमवार रात खेत में फसल की थ्रेसिंग करने के बाद वहीं सो गया। तड़के चालक ट्रैक्टर और थ्रेसिंग मशीन लेकर जाने लगा, लेकिन आगे रास्ता कम होने के कारण जैसे ही खेत में वाहन को बैक किया तभी सो रहे निखिल के ऊपर थ्रेसर मशीन और ट्रैक्टर का पहिया चढ़ गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन किसान की तब तक घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

उधर, कबरई के लोढा पहाड़ मोहल्ला लक्ष्मीबाई निवासी राहुल कुशवाहा (30) पहाड़ पर ड्रिल मशीन चला रहा था, उसी समय संतुलन खो बैठा और नीचे खदान में गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई।

# स्थापना दिवस की रूपरेखा बनाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस मनाए जाने को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला दौरान पार्टी स्थापना दिवस के मौके पर 5 से 12 अप्रैल तक कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर पार्टी पदाधिकारी, सदस्य के अलावा विभिन्न मोर्चा के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा और संचालन महामंत्री प्रकाश अनुरागी ने किया।

भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला कार्यशाला में बताया गया कि 5 अप्रैल को जिला कार्यालय पर सजावट के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा, 7 अप्रैल को रंगोली और सजावट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन होगा इसके साथ 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें भाजपा की नीति और योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा। कार्यशाला दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जो सभी वर्गों, सभी जातियों को साथ लेकर "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत पर कार्य करता है और जो कहता है, उसे पूरा करता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है। हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यकर्ताओं के समर्पण और सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण भाजपा आज जनजन की पार्टी बन चुकी है।



कार्यशाला में भाग लेते भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- भाजपा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का अर्थ केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प है और भाजपा नए भारत के निर्माण की आधारशिला है। पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सक्सेना ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और इतिहास से अवगत कराया। कार्यक्रम में भाजपा नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी का भव्य सम्मान, माला और भगवा गमछा पहनाकर अभिनंदन किया गया। अंत में संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, संदीप शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष पुष्पा अनुरागी, भागीरथ नागायाच, जितेंद्र बुधोलिया आदि रहे।

# शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने श्रीमित्र

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का मंगलवार को राजकीय वीरभूमि स्नाकोतत्र महाविद्यालय सभागार में मंडलीय अधिवेशन टीचर्स फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव अशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अधिवेशन में जिले में संगठनात्मक गतिविधियों और विस्तार पर समीक्षा करते हुए प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर प्राथमिक शिक्षा संघ के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्र की इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुए पद पर श्रीमित्र त्रिपाठी को प्राथमिक शिक्षा संघ जिले का अध्यक्ष बनाया गया, जबकि हरनारायण अनुरागी को जिला मंत्री बनाया गया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मंडलीय मंत्री अशुतोष त्रिपाठी ने वीरभूमि महाविद्यालय में मंडलीय अधिवेशन में जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री की घोषणा कर दी। दोनो पदाधिकारियों की घोषणा के बाद महाविद्यालय में उपस्थित शिक्षकों ने नवागत अध्यक्ष और मंत्री का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर महाविद्यालय का सभागार शिक्षकों से भरा दिखाई दिया। राष्ट्रीय सचिव अशुतोष त्रिपाठी एवं प्रांतीय संगठन मंत्री अखिलेश पांडेय ने 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में 4 अप्रैल को रामलीला मैदान नई दिल्ली में अधिक से अधिक शिक्षकों के शिरकत करने की अपील की, जिससे सरकार पर दवाब बनाया जा सके। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। यहां संतोष गंगेले, रवींद्र तिवारी, विनोद दिहुलिया, अवधेश त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, सनातन रावत, कुलदीप तिवारी, जगेश्वर, सोनू मिश्रा, राजकुमार दिहुलिया, प्रमोद चतुर्वेदी, अरविंद चतुर्वेदी, अशोक गुप्ता, उमा चतुर्वेदी, रामकुमार नायक रहे।



जिलाध्यक्ष और मंत्री को फूलमाला पहनाते शिक्षक। अमृत विचार

## गद्दीपति किन्नर को किन्नरों ने पीटा

**जालौन।** किन्नर गद्दी पर कब्जे को लेकर कुछ किन्नरों ने गद्दीपति के साथ मारपीट कर दी है। गद्दीपति ने आरोपियों पर जेवर व नकदी भी ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के फर्दनवीस निवासी किन्नर गुरु गद्दीपति रेखाबाई ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि किन्नर समाज के ही कुछ लोग उनकी गद्दी पर कब्जा करना चाहते हैं। सोमवार की शाम किन्नर नेहा, खुशी, मधु, शिवानी, रेनू उर्फ रामू, राजू व अरबाज उनके यहां आ धमके और झगड़ा करने लगे। जब उन्होंने समझाना चाहा तो पिटाई शुरू कर दी। शिष्य चमेली ने बचाने की कोशिश की तो उसकी भी पिटाई की। घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और एक लाख रुपये ले गए। कोतवाल हरीशंकर चंद ने बताया कि इलाके के बंटवारे को लेकर विवाद का मामला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भांडेर इलेवन को हराकर यश इलेवन बना विजेता

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** बाराहीं देवी मेला मैदान में आयोजित रात्रिकालीन जालौन ट्रॉफी सीजन दो का फाइनल मैच बेतवा ग्रुप यश इलेवन और भांडेर इलेवन के बीच हुआ। जिसमें यश इलेवन ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 1,11,100 रुपये नकद और उपविजेता टीम को 51,000 रुपये नकद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

फाइनल मुकाबले में पहले मैदान पर खेलने उतरी भांडेर इलेवन टीम के बल्लेबाज राज ने 14 गेंदों में 12 रनों की पारी खेलकर टीम को सधी हुई शुरूआत दी। लेकिन उनका साथ दे रहे जीतू के बिना खाता खोले पवेलियन लौटने से टीम दबाव में आ गई। श्रेयस नौ रन बनाकर आउट हुए तो अजय पाठक भी शून्य पर चलते बने। गोपेश एक रन बनाकर पवेलियन जा बैठे। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाज राहुल ठाकुर ने 13 गेंदों पर 20 रन और हारिश मंसूरी ने 19 गेंदों में 21 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया। आलोक दुबे ने दो गेंदों में आठ रन बनाकर टीम का स्कोर निर्धारित 10 ओवर में 80 रनों पर पहुंचाया। दूसरी पारी में खेलने उतरी बेतवा ग्रुप यश इलेवन टीम के सलामी बल्लेबाज अर्जुन भी आठ रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद कुमार सत्यम ने 15 गेंदों में 18 रन और हर्षित यादव ने 16 गेंदों में 21 रन बनाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। धर्मेंद्र ने 12, विशाल ने सात और अमन ने तीन रन की पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में अविजित रहे कार्तिकेय ने तीन गेंदों में छह रन बनाकर टीम को 9.3 ओवरों में पांच विकेट से जीत दिला दी। आयोजक सोनू चौहौन और धर्मेंद्र प्रधान ने विजेता टीम को 1,11,100 रुपये एवं उपविजेता को 51,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द सीरीज हर्षित यादव रहे जिन्हें एलईडी टीवी दिया गया। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब हनी कश्यप को मिला, जिन्हें क्रिकेट बैट दिया गया। इस मौके पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, गौरीश द्विवेदी, यश पटेल, ईलू मेंबर आदि मौजूद रहे।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

- रात्रिकालीन जालौन ट्रॉफी सीजन दो का फाइनल मैच

उमड़ी भीड़ | उर्स के चलते सारा दिन लगा रहा लोगों का तांता, लंगर का हुआ आयोजन

# मलक हसन शाह के उर्स में लगाई हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हजरत मलक हसन शाह रहमतुल्लाह अलैहे का उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को मराज ए अकदस पर अकीदमंदों ने चादर चढ़ाई और इसके बाद फातिहा में शामिल होकर मन्नते मानी। हजरत मलक अरब हसन शाह बाबा कमेटी व अन्य अकीदतमंदों ने मजार परिसर में लंगर का आयोजन किया, जिसमें में लोगों ने शिरकत कर तबर्रुख का लुत्फ उठाया। इस मौके पर पुरुषो के साथ साथ महिलाओं की भी भीड़ जुटी, जिन्होंने पूरे दिन मजार पर बैठक हाजिरी दी। उर्स के चलते सारा दिन मजार परिसर में लोगों का तांता लगा रहा।

मुस्लिम समुदाय के सूफी हजरत मलक हसन शाह रहमतुल्लाह अलैहे के उर्स के मौके पर मोहल्ला बजरिया से अकीदमंदों ने चादर जुलूस सादगी के साथ निकाला गया, जुलूस में शामिल लोग नरा ए तकबीर अल्लाहो अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। चादर जुलूस प्रमुख मार्गों से होता हुआ शहर की ईदगाह के समीप स्थित मजार परिसर पहुंचा, जहां पर अकीदत के साथ मजार पर चादर चढ़ाई गई और इसके बाद अकीदमंदों ने मजार पर फूल, इत्र लगाया और मन्नते मानी। मौलाना व हाफिजों ने फातिहा पढ़ी और इसके बाद दुआएं की गई, बाद में बुलंद आवाज में सलाम पेश किया गया। फातिहा के मौके पर अकीदमंदों की भारी भीड़ जुटी। उर्स के मौके पर मुस्लिमों के अलावा हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की।


उर्स के मौके पर लंगर खाते लोग। अमृत विचार

कमेटी के लोगों ने बताया कि पहले से ही उर्स की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। मजार परिसर की साफ सफाई कर सारे इंतजाम किए गए थे, जिससे जिले के अलावा बाहर से आने वाले अकीदमंदों को किसी भी तरह की परेशान न उठानी पड़ी। सोमवार को रात नौ बजे संदर हुआ और फिर मंगलवार को मजार परिसर में लंगर का आयोजन किया गया, जिसके लिए देगे चढ़ाई गई और फातिहा के बाद आए हुए सभी लोगों को बैठाकर तबर्रुख खिलाया गया। इससे पूर्व सुबह कुरान ख्वानी हुई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले बच्चे, हाफिज व अन्य लोगों ने कुरान की तिलावत की गई। र शहर से तीन किमी दूर मजार होने के कारण लोग वाहनों से आए और शाम तक मजार में हाजिरी देने के बाद घर वापस लौटे।

## पति की मौत पर पत्नी पर रिपोर्ट

**कालपी (जालौन)।** अधेड़ द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज किया है।

22 मार्च को कोतवाली क्षेत्र के हीरापुर में खेतों पर बबूल के पेड़ में रामनरेश (50) का शव लटका मिला था। पिता जगदीश ने पुलिस को बताया था कि पत्नी घटना के दिन ही यह कहकर निकली थी कि उसने पुत्री के साथ गलत हरकत की है, वह रिपोर्ट दर्ज कराएगी। इससे वह परेशान हो गया था और जान दे दी थी। ग्राम प्रधान की माने पत्नी से परेशान होकर वह गुजरात चला गया था, लेकिन पीछे से पत्नी भी पहुंच गयी थी। वहीं पर पति पर वेटी का यौन शोषण करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया था। वह दो माह जेल में रहकर आया था। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि जांच की जा रही है।

# सहायिका की मौत के डेढ़ वर्ष बाद विभाग ने भेजा नोटिस

- स्पष्टीकरण नहीं देने पर नौकरी से निकालने की चेतावीनी
- परिवारीजनों ने डीएम से शिकायत किए जाने की बात कही

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पनवाड़ी विकास खंड क्षेत्र के नैपुरा गांव की आंगनबाड़ी में सहायिका पद तैनात महिला कर्मचारी की 18 माह पहले मौत हो गई थी। मौत के डेढ़ साल बाद बाल विकास विभाग ने मृतका कर्मचारी को नोटिस भेजकर ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण मांगा है साथ ही नौकरी से निकाले जाने की चेतावनी भी दी गई है। परिजनों ने इस मामले की शिकायत डीएम से किए जाने की बात कही है।

नैपुरा गांव की आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर तैनात पार्वती देवी का निधन बीमारी के कारण 18 महीने पहले हो गया था। उनके पति किशनलाल ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के आठ दिन के भीतर ही विभाग में मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करा दिया था। इसके बावजूद, पनवाड़ी की बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) के हस्ताक्षर से एक नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस में मृतका पार्वती पर आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान केंद्र बंद पाया गया। विभाग ने मृतका को दो दिन के भीतर हॉटकुक्ड योजना के बिल वाउचर और रिकॉर्ड के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का अल्टीमेटम दिया है और ऐसा न करने पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों और परिजनों को अब यह आशंका सता रही है कि कहीं पिछले 18 महीनों से मृतका के नाम पर कोई और मानदेय तो नहीं ले रहा था। मृतक के पुत्र महेश व अन्य परिजनों ने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कहीं जाने की बात कही है। मृतक के पुत्र ने बताया कि क्या विभाग को डेढ़ साल तक अपनी कर्मचारी की मृत्यु की जानकारी नहीं थी। आखिर अधिकारियों ने मृतका के नाम नोटिस कैसे जारी कर दिया, यह विभागीय जिम्मेदारों की लापरवाही और कार्यप्रणाली बयां कर रही है।


पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिखाता पति।

# 31 मार्च तक पूरा होना था सड़क का काम पर अभी तक पड़ा है अधूरा

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

- भाजपाई ने प्रशासन से की मामले की शिकायत
- बरगढ़-दूबी मार्ग के बनने की समयसीमा खत्म

**अमृत विचार।** जनपद के मऊ विकास खंड के अंतर्गत अशोक चौराहा बरगढ़ से गाहुर-दूबी संपर्क मार्ग के निर्माण में हो रही देरी को लेकर कार्यदायी संस्था पर ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ रही है। 31 मार्च की अंतिम समयसीमा समाप्त होने के बाद भी काम अधूरा रहने पर अब माना जा रहा है कि ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को भेजी अपनी रिपोर्ट में पहले स्पष्ट किया था कि ठेकेदार मे. आरजी बिल्डवेल गाजियाबाद को 25 फरवरी और सात मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। इसके जवाब में ठेकेदार के प्रतिनिधि ने 31 मार्च तक डामरीकरण का कार्य पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिया था, जो जमीन पर विफल साबित हुआ। करीब आठ किलोमीटर लंबी इस सड़क की लागत लगभग आठ करोड़ रुपये से अधिक थी। 15 फरवरी 2023 से शुरू हुए इस कार्य को 14 फरवरी 2024 में पूर्ण होना था। इसका शिलान्यास तत्कालीन सांसद आरके सिंह पटेल एवं विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किया था।


बदहाल पड़ी अधूरी सड़क से लोगों को दिक्कत।


श्याम नारायण शुक्ल।

### ब्लैकलिस्ट हो सकता है ठेकेदार

- शिकायतकर्ता और भाजपा पदाधिकारी श्याम नारायण शुक्ल ने बताया कि विभाग के अवर अभियंता और अधिशासी अभियंता से हुई वार्ता के अनुसार, लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ 23 मार्च को दंडात्मक कार्रवाई की गई है। ठेकेदार को काली सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके बाद वह भविष्य में किसी भी सरकारी टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सकेगा।

### फर्म पहले ही कर दी गई डिबार : जेई

- मामले में अवर अभियंता दशरथ साहनी ने बताया कि उक्त प्रकरण को सर्किल ऑफिस बांदा भेजा गया है। फर्म को 2025 में ही डिबार (निषेध) घोषित कर दिया गया था। फर्म को टर्मिनेट की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई पश्चात किसी दूसरे व्यक्ति को काम दिया जाएगा अथवा इसी फर्म को पेनाल्टी के साथ काम दिया जाएगा।



शिलान्यास के पत्थर।

### राजनीतिक और सामाजिक दबाव बढ़ा

- श्याम नारायण शुक्ल ने चिंता व्यक्त की कि सड़क न बनने से जनता के बीच सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि एक पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते उन्हें जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

### डीएम से मिल करेंगे फिर शिकायत

- सड़क निर्माण की सुस्त रफ्तार को देखते हुए शिकायतकर्ता ने कहा कि अब वह फिर जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत करेंगे। उनकी मांग है कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक हर हाल में निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और क्षेत्र के लोगों को जर्जर मार्ग से निजात दिलाई जाए।

# सड़क चौड़ीकरण व सुंदरीकरण में अनियमितताओं के लगे आरोप

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग के सुंदरीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के बीच अब विभागीय पक्ष भी सामने आया है। पहले जहां पूरा कार्य कराए बिना करीब चार करोड़ रुपये के भुगतान और इटवां-मारकुंडी मार्ग में बिना कार्य 80 लाख रुपये भुगतान के आरोप लगाए गए थे, वहीं अधीक्षण अभियंता ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र रावत ने स्पष्ट किया कि संबंधित मार्गों का अनुबंध अभी रनिंग कंडीशन में है और बांड फाइनल नहीं हुआ है। उनके अनुसार, वर्तमान में केवल रनिंग पेमेंट किए जा रहे हैं, जो कार्य की प्रगति के अनुसार होते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पूरा एग्रीमेंट फाइनल नहीं होता और अंतिम भुगतान नहीं किया जाता, तब तक यह कहना गलत है कि बिना काम के भुगतान हो गया। उन्होंने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि यदि किसी को आपत्ति है तो वह औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ प्रतिस्पर्धी ठेकेदार काम न मिलने की वजह से इस तरह की भ्रामक शिकायतें फैला रहे हैं। अधीक्षण अभियंता ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता है और किसी भी प्रकार का गलत कार्य संभव नहीं है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर लोगों में अब भी संदेह बना हुआ है और उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।


मऊ-परदवां संपर्क मार्ग। अमृत विचार

### विपक्षी नेताओं ने की जांच की मांग



कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने आरोप लगाया कि हर विभाग में बजट को ठिकाने लगाने की जुगत बैठाई गई है। विभागीय मुखिया आंखें मूंदे हैं, लोग माल उड़ा उड़ा कर मालिक को खुश कर रहे हैं। जनता के हित का रुपया लूटा खसोटा जा रहा है। भगवान कामतानाथ इन पापियों को जरूर सजा देंगे।

–पंकज मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस



पीडब्ल्यूडी में बिना कार्य कराये 80 लाख रुपये फर्जी भुगतान होने की बात बहुत गंभीर विषय है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जहां प्रदेश सरकार एक ओर जीरो टोलरेंस का दम भर रही है वहीं आज प्रदेश के हर जिले के हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है।

–अनुज सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी

## न्यूज ब्रीफ

### अनामिका सिंह बनीं खंड विकास अधिकारी


अनामिका सिंह।

**मऊ (चित्रकूट)।** बंबुरी गांव की अनामिका सिंह उर्फ नेहा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की। उनको खंड विकास अधिकारी पद मिला है। अनामिका एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। नौकरी के साथ–साथ उन्होंने निरंतर तैयारी जारी रखी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनामिका सिंह के पिता बलबीर सिंह किसान, मां ऊषा सिंह गृहिणी हैं। नेहा ने प्रारंभिक शिक्षा बंबुरी से प्राप्त की, जबकि इंटरमीडिएट की पढ़ाई मऊ से पूरी की। इसके बाद उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्होंने प्रयागराज में रहकर अध्ययन किया। उनकी इस उपलब्धि पर ब्रह्मप्रकाश सिंह, मऊ डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. संतोष चतुर्वेदी, श्री भागवत मंडल संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य आनंद राज त्रिपाठी, सपा यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी आदि ने बधाई दी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के फर्नीचर के लिए धनराशि अवमुक्त

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जिले के चयनित 120 कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए फर्नीचर खरीदने के लिए 18,93,600 रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। आशा जताई कि इससे लगभग 6000 बच्चे लाभान्वित होंगे। बाल मैत्रिक फर्नीचर से बच्चों को सुरक्षित बैठने की सुविधा मिलेगी।

### गैंगेस्टर एक्ट के वांछित पांच आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दादू उर्फ रावेंद्र तिवारी पुत्र राधेश्याम निवासी कोपा, योगेश त्रिपाठी पुत्र हरिनारायण निवासी धवाड़ा, विनय सिंह पटेल पुत्र नंदकिशोर व अजीत सिंह पटेल पुत्र उदयराज सिंह निवासी कोपा तथा बालकृष्ण पुत्र राधेश कुमार निवासी अहिरी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई मुन्नीलाल, इमरान खां, मुख्य आरक्षी बृजेश कुमार यादव, आरक्षी आनंद प्रताप सिंह और प्रभात दुबे शामिल रहे।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि की निर्माण इकाई में इंजीनियर सीपी बस्तानी की सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर बस्तानी की धर्मपत्नी ज्योति एवं पुत्री डा. हेमलता भी मौजूद रहीं। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे, कुलसचिव प्रो. आंजनेय पांडेय, प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. अमरजीत सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, डा. धर्मेंद्र सिंह आदि ने उनको आगामी भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संकायों के अधिष्ठाता, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मऊ पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाने के एसआई ओमप्रकाश सिंह ने वारंटी आरोपी नथन पासी पुत्र कुरूंतराम निवासी हन्ना बिनैका को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अवधेंद्र त्रिपाठी शामिल रहे।

# बागें नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत, गांव में पसरा मातम

## साथियों के साथ नहाने गए थे बच्चे, गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** हमउम्र साथियों के साथ बागें नदी में नहाने गए दो बच्चे गहरे पानी में चले गए। इसके बाद जिंदा वापस नहीं लौट पाए। दो बच्चों की मौत से घर के साथ साथ पूरे गांव में मातम पसर गया।

जानकारी के मुताबिक, पहाड़ी थानांतर्गत बड़ी बखरी ओरा में मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे चार बच्चे विकास (10) पुत्र गोविंद राजपूत, शिवम (12) पुत्र नवल राजपूत अपने साथियों गगन और विमल के साथ गांव के पास बागें नदी में नहाने गए थे। बताया जाता है कि नहाते समय विकास और शिवम गहरे पानी में चले गए और डूब गए।


विकास।


शिवम।

इस पर गगन और विमल भागकर घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवारीजनों ने काफी देर तक खोजबीन की और पुलिस को सूचना दी। कौहारी चौकी प्रभारी श्यामदेव सिंह एवं थाना पहाड़ी से सब इंस्पेक्टर जंग बहादुर तोमर पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों बालकों को नदी से बाहर निकलवाया। इसके बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले जाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टर दीपक कुमार यादव ने बताया कि बच्चों की मृत्यु तीन से चार घंटे पहले हो गई है। यह सुनकर दोनों परिवारों के लोग बिलखने लगे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। विकास तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था एवं प्राथमिक विद्यालय बड़ी बखरी में कक्षा तीन का छात्र था। भाई गगन, आकाश एवं मां रीनू देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं शिवम के एक भाई है। यह भी प्राथमिक विद्यालय बड़ी बखरी में कक्षा पांच का छात्र था। बेटे की मौत सुनकर मां मनकी और भाई विमल गहरे सदमे में है।

### समिति ने किया राजकीय संप्रेक्षण गृह का मुआयना

**चित्रकूट।** राजकीय संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के लिए गठित समिति ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज/अध्यक्ष और सदस्य रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज (सी.डि.) इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और विदिषा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान समिति ने शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों में कुछ सुधार की आवश्यकता बताई। अनुराग कुरील प्रथम अपर जिला जज ने किशोरों के पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बाद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव इला चौधरी ने किशोर अपचारियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# मुख्यमंत्री को बताईं राजापुर क्षेत्र की तमाम समस्याएं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट


मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को प्रतीक चिह्न देते जिलाध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल और उपाध्यक्ष मधुरेंद्र प्रताप सिंह।

- कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

**अमृत विचार।** जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधुरेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मधुरेंद्र ने बताया कि इस दौरान उन्होंने राजापुर क्षेत्र की समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री ने उनके जल्द निस्तारण का भरोसा दिया।

मधुरेंद्र ने बताया कि सीएम को उन्होंने ग्राम पंचायत चिल्लीमल के संपर्क मार्ग की खस्ता हालत बताई। बताया कि राजापुर-कमासिन मार्ग पर चिल्लीमल मोड़ से गांव तक संपर्क मार्ग की आवश्यकता है। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री को ग्राम पंचायत रायपुर में मां समोगर देवी के प्राचीन मंदिर की जर्जर अवस्था की जानकारी दी। साथ ही मांग की कि क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि तुलसी जन्मोत्सव में आने के दौरान उन्होंने यमुना नदी के तट पर रिवर फ्रंट बनवाने की घोषणा की थी पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ।

उन्होंने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री ने आश्चर्य जताया कि अबतक काम शुरू नहीं हुआ। मधुरेंद्र प्रताप ने बताया कि सीएम ने इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन दिया।

### सामान्य ज्ञान में चाहत अव्वल

**चित्रकूट।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चकौंध में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। प्रधानाध्यापिका रचना ने बच्चों को बताया कि जिला गंगा समिति द्वारा ऐसे कार्यक्रम इसलिए किए जाते हैं कि लोग जागरूक हों। इस मौके पर गोपाल कृष्ण गुप्ता जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति ने भी बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रतियोगिता में 60 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चाहत वर्मा को प्रथम, सुप्रिया को द्वितीय, प्रियंका को तृतीय तथा ऊषा वर्मा को चतुर्थ स्थान मिला। इन सभी बच्चों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार दिये गये।

# स्कार्पियो-ट्रक की भिड़ंत, दोनों में लगी आग

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधी के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और 18 चक्का हाइवा ट्रक की आमने-सामने टक्कर के बाद भीषण आग लग गई। हाइवा की तेल टंकी फटने से लगी आग से दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा। इस दौरान दोनों गाड़ियों के चालक सुरक्षित बाहर निकल आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई भी व्यक्ति वाहनों के करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया। स्थानीय निवासी कृष्णा विश्वकर्मा ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद डंपर से तेल रिसने लगा और अचानक आग भड़क उठी। उन्होंने ही तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करते हुए धीरे-धीरे जाम खुलवाया। हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह जल गया और स्कॉर्पियो को भी तगड़ा नुकसान हुआ।



आग से क्षतिग्रस्त हाइवा और स्कार्पियो। अमृत विचार

### खान एवं खनिज अधिनियम के तहत तीन पर रिपोर्ट

**चित्रकूट।** खान निरीक्षक मंटू कुमार सिंह ने बताया कि 23 मार्च की रात वह भ्रमण पर थे। इसी दौरान उन्होंने भरतकूप-बांदा मार्ग के पास दुकान में चेकिंग की। टीम को देखते ही दुकान अंदर से बंद कर ली गई। कुछ देर बाद खोलने पर पाया गया कि योगेंद्र कुमार खनन पट्टों का रवन्ना प्रिंट कर रहा था। उसने बताया कि वह सुरेश सिंह व उदित नारायण के कहने पर दुकान का हिसाब किताब देखता है और रवन्ना काटता है। इस पर उन्होंने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को स्मृतिचिह्न देते एसपी अरुण कुमार सिंह।

### सेवानिवृत्त चार पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में चार पुलिसकर्मियों फायरमैन फय्याज मुहम्मद, मुख्य आरक्षी रामप्रताप यादव, तहरूननिशा व चंद्रभान यादव की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल ने इनको प्रशस्तिपत्र एवं उपहार भेंट किए। पुलिस अधीक्षक ने इनसे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा। साथ साथ सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की कामना की। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रधान लिपिक आनंद मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## राजनीति

केंद्र और प्रदेश सरकार के कामों की लोगों को देंगे जानकारी

# छह अप्रैल को पार्टी का ध्वज फहरायेंगे भाजपाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय में मंगलवार को स्थापना दिवस (छह अप्रैल) के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर क्षेत्रीय महामंत्री और राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कहा कि इस दौरान प्रदेश और केंद्र सरकार के कामों की जानकारी जनजन तक पहुंचाई जाएगी।

क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस हर वर्ष उत्साह के साथ मनाया जाता है और कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ इन कार्यकर्मों में भाग लेते हैं। बताया कि पांच से सात अप्रैल तक कार्यालयों में सजावट की जाएगी। छह अप्रैल को पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी की विकास यात्रा पर चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं को संपर्क अभियान करना है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भैरो प्रसाद मिश्रा, चंद्रप्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, श्रवण पटेल, पुष्पराज सिंह, माया प्रजापति, सुशीला देवी, शंकर दयाल निषाद आदि मौजूद रहे।



स्थापना दिवस के कार्यक्रम की बैठक में भाजपा पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

### विधानसभा क्षेत्रों में होंगे सम्मेलन

- उन्होंने बताया कि आठ और नौ अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें संगठन विस्तार, चुनावी सफलता में जनसमर्थन, भाजपा की राजनीति में बदलाव, सेवा भाव और अंत्योदय की अवधारणा पर विचार विमर्श होगा।

### वार्ड स्तर पर स्वच्छता और जनसंपर्क अभियान

- पूनम द्विवेदी ने बताया कि सात से 12 अप्रैल के बीच वार्ड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रमों में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, बुद्धिजीवियों और गणमान्य लोगों से संपर्क, तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा शामिल होगी। लाभार्थियों से संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा।

# सीएम युवा रोजगार योजना में चित्रकूट मंडल में अव्वल

**चित्रकूट।** सीएम युवा रोजगार योजना में चित्रकूट जिले को प्रदेश में दसवां और मंडल में पहला स्थान मिला है। बताया गया कि योजना के तहत ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, स्टेट बैंक और बैंक आफ बड़ोदा ने सबसे अधिक ऋण बांटे। इस योजना में युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए सरकार पांच लाख तक का ऋण देती है। चित्रकूट जिले में 1200 युवाओं को ऋण वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 1232 युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया गया। एलडीएम अनुराग शर्मा ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष ज्यादा युवाओं को सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत बैंकों से ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। यह उपलब्धि जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय व प्रभावी कदम है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने इस उपलब्धि का श्रेय एलडीएम के कुशल पर्यवेक्षण को दिया।

### ज्योति कलश के चित्रकूट पहुंचने पर किया स्वागत

**सीतापुर (चित्रकूट)।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से ज्योति कलश के चित्रकूट पहुंचने पर ग्रामोदय विवि के कुलपति डॉ. आलोक चौबे और जगद्गुरु राम भद्राचार्य विवि के कुलपति डॉ. शिशिर पांडेय ने स्वागत किया। गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट संचालक डा. रामनारायण त्रिपाठी व शांतिकुंज प्रतिनिधि सुरेश पांडेय ने कहा कि 175 रथ संपूर्ण दुनिया में सद्ज्ञान शांति और युग परिवर्तन का संदेश लेकर शांतिकुंज से निकले हैं। 2400 तीर्थों का जल भी इस कलश में है। इस मौके पर डा. रजनीश सिंह, डा. गोपाल मिश्रा, रामजीत पांडेय, भवानीदीन यादव, रामशरण शास्त्री, श्रवण गुप्ता, राजकुमार ओझा, सुधीर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नंबर K5320277 में मेरा नाम त्रुटिवश Mubarak Ali लिख गया है, जो कि गलत है। मेरे आधार में मेरा नाम Mubaraq Ahamad है जो कि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **Mubaraq Ahamad S/O Mohamad Rafi, ग्राम मीरापुर, पोस्ट बीबियापुर, थाना कोठी, तहसील हैदरगढ़, जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

मैंने और मेरी पत्नी श्रीमती रामादेवी ने अपने पुत्र सुदीप्त सचान व पुत्रवधू अनीसा सचान से उनके अव्यवहारिक व असामाजिक आचरण के चलते हर तरह के संबन्ध विच्छेदित कर लिए हैं। अब उनसे कोई वास्ता नहीं है। पुत्र व पुत्रवधू को चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **विनोद कुमार निवासी ग्राम मांचा, तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूल में त्रुटिवश उसका गलत नाम अबूजर दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद अबूजर है जो कि उसके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के स्कूल में उसके गलत नाम अबूजर के स्थान पर उसका सही नाम मोहम्मद अबूजर दर्ज किया जाये। **नरूल हुदा पुत्र स्व0 गुलाम मुस्तफा निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चौकी पोस्ट सफेदाबाद थाना नगर कोतवाली तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

**सूचना**

पहले मेरा नाम मो0 शाकिर उर्फ पप्पू था अब हमने अपना नाम बदलकर (शाकिर अली) रख लिया है अब हमे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-KHALEEL AHMAD ADD-O, KAHLA PO-MALIHABAD DIST-LUCKNOW-227111 (U.P)**

